रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक


# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, बुधवार 29 जनवरी 2025, वर्ष 10, अंक 376 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## संक्षिप्त खबर

### श्रीहरिकोटा से अपने ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से अपने ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। आज सवेरे 6 बजकर 23 मिनट पर जीएसएलवी एफ-15 रॉकेट, सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरेगा। यह एनवीएस-02 नेविगेशन उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में ले जाएगा।

### झारखंड में नगर निकाय चुनाव इस साल मई-जून में होने की संभावना



**रॉंची**। झारखंड में नगर निकाय चुनाव इस साल मई-जून में होने की संभावना है। झारखंड हाई कोर्ट के दिशानिर्देश को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग जल्द से जल्द नगर निकाय चुनाव कराने की तैयारी में जुट गई है। आयोग के द्वारा नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के विभिन्न पदों के लिए होनेवाले चुनाव के लिए वार्डों के पुर्नगठन का काम किया जा रहा है।

### रंगदारी मांगने आए नक्सलियों की ग्रामीणों ने की पिटाई, एक की मौत



**लातेहार**।जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के बारी रामपुर गांव में लेवी वसूलने आये नक्सलियों की ग्रामीण और मजदूरों ने जमकर धुनाई कर दी। इस घटना में एक नक्सली की मौत हो गई । मृत नक्सली की पहचान अभय उर्फ किशोर नायक के रूप में हुई है।

### इंडियन मीडिया काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह ने यू ट्यूब चैनल प्रतिनिधि

Sudamdih (**धनबाद**) इंडियन मीडिया काउंसिल के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के झरिया प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह ने नुनूडीह बस्ती निवासी व निजी यू ट्यूब चैनल प्रतिनिधि मनोज साव और उनके परिवार पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बताते हुए इसे शर्मनाक करार दिया।

श्री सिंह ने कहा कि कोयलांचल में किसी न किसी को बात को लेकर मीडिया कर्मियों को टारगेट किया जा रहा है जो गलत है, बढ़ती हिंसा और इस तरह की गतिविधियां गंभीर चिंता का विषय हैं। घटना स्थानीय पुलिस के लिए चुनौती है और पुलिस को उचित जांच कर तत्काल कार्रवाई कर ऐसे कानून को अपने हाथ में लेने वाले पर लगाम लगानी चाहिए उन्होंने पत्रकारों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा, "हम हर स्थिति में पत्रकारों के साथ खड़े हैं और उनके और कोयलांचल में संचालित दर्जनो पत्रकार संगठन, क्लब, संघ, एसोसिएशन द्वारा लिए गए किसी भी निर्णय में हमारा सहयोग रहेगा।"

## अबुआ बजट- 2025- 26 की निर्माण को लेकर बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल करने पर जोर





**रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बजट के जरिए एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो, जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सकें। इसके लिए जरूरी है कि संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो। मुख्यमंत्री आज झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट- 2025- 26 की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिए हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें।

**आर्थिक संसाधन होंगे तभी विकास का पहिया आगे बढ़ेगा**

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। ऐसे में जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के संभावनाओं को तलाशने के लिए ठोस कदम उठाएं।

**कम संसाधनों के बाद भी विकास कार्य हुए हैं और आगे भी होंगे**

मुख्यमंत्री ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए हैं । ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

**लंबी अवधि को ध्यान में रखकर कार्य योजना बननी चाहिए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिए। इसके लिए नींव मजबूत होना जरूरी है । अगर नींव मजबूत होगी तो भविष्य में बिल्डिंग में ऊंची बनाई जा सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार प्राथमिकताओं को तय कर बुनियाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है ताकि भविष्य में भी उसकी ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता सिद्ध हो सके।

**कई उतार-चढ़ावों के साथ राज्य बढ़ रहा आगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार -चढ़ाव देखे हैं। लेकिन, इसके बाद भी राज्य ने कई नए आयाम गढ़े हैं। इस बार हेल्थ इंडेक्स में झारखंड ने बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। लेकिन, हमें सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहना है बल्कि इससे प्रेरणा लेते हुए पूरे उत्साह के साथ अन्य क्षेत्र में उच्च मानक पर खरा उतरते हुए निरंतर आगे बढ़ें। इसके लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है।

**जो राशि खर्च होती है उसके आउटकम का आकलन हो**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विभिन्न विभागों को जो राशि आवंटित की जाती है उसे खर्च करने के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए । अभी तक देखा गया है कि खर्च हुई राशि का कितना लाभ मिल रहा है, इस पर विशेष जोर नहीं दिया गया। इस वजह से हमने जो एसेट बनाएं हैं, उसका उचित इस्तेमाल नहीं हो पता है ऐसे में एसेट तैयार करने के क्रम में उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं का ध्यान रखना जरूरी है । इस दिशा में हमें नकरात्मक पहलुओं को दूर करने के लिए बेहतर प्रबंधन करना होगा।

**झारखंड में 70 प्रतिशत लोगों के पास कोई बजट प्लानिंग नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी झारखंड में 70 प्रतिशत आबादी के पास अपना कोई बजट नहीं होता है। कहां से आय होगा और कहां खर्च होगा, उनके पास इसकी कोई योजना नहीं हो पाती है । इस वजह से वे पीछे रह जातें हैं।

## दिल्ली में आज बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी, राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगी: तीनों सेनाओं के बैंड धुनें पेश करेंगे; गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का समापन होगा





**नई दिल्ली** दिल्ली के विजय चौक पर आज बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी होगी। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों का समापन होगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी। उनके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

सेरेमनी में देश की सैन्य परंपराओं की भव्यता को दर्शाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4:45 बजे से होगी। इस दौरान तीनों सेनाओं और CAPF के बैंड द्वारा देशभक्ति की धुनों की प्रस्तुति दी जाएगी। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत सेना के राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट देने के बाद होती है। इसके बाद राष्ट्रगान गाया जाता है और तिरंगा फहराया जाता है। प्रस्तुति भी दी जाती है। समारोह के समापन पर झंडे उतारे जाते हैं। सेरेमनी से पहले 28 जनवरी को विजय चौक पर फुल ड्रेस रिहर्सल की गई।

## हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे और ओलंपियन निक्की प्रधान को हरमू में जमीन देगी सरकार, कल सौंपे जायेंगे कागजात





रांची : झारखंड राज्य सरकार भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और ओलंपियन सलीमा टेटे, और ओलंपियन निक्की प्रधान को हरमू में भूखंड आवंटित करने जा रही है। बुधवार को प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी भवन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दोनों खिलाड़ियों को भूखंड के कागजात सौंपेंगे। इस मौके पर राज्य सरकार के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

इस मौके पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम के आयोजन पर दिशा-निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने 14 अगस्त 2024 को अपनी 74वीं बैठक में यह फैसला लिया था कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को 3750 वर्ग फीट जमीन आवंटित की जाएगी। सलीमा टेटे को प्लॉट संख्या 10 बी और निक्की प्रधान को प्लॉट संख्या 10 ए आवंटित किया जाएगा।

कार्यक्रम में दोनों खिलाड़ियों के परिजन और प्रशिक्षकों को भी सम्मानित करने की योजना है। इसके लिए खेल निदेशालय के अधिकारी अपनी तैयारी में जुट गए हैं। सलीमा के पहले कोच को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हॉकी झारखंड से जुड़े एक पदाधिकारी ने सलीमा के पहले कोच होने का दावा किया है, जबकि हॉकी झारखंड ने 5 सितंबर 2021 को आयोजित अपनी AGM के दौरान एक प्रशिक्षक को सलीमा टेटे का पहला कोच बताते हुए पुरस्कृत किया था।

इस सम्मान से यह साफ हो गया है कि राज्य सरकार अपने खेल नायकों को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है और उनके परिवारों और प्रशिक्षकों का भी उतना ही सम्मान करती है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम ने की मुलाकात







**रांची**। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

**बच्चे -बच्चियों की प्रतिभा निखारने और प्रदर्शन हेतु बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्स्पोज़र के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

**नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले का किया प्रदर्शन**

विदित हो कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक श्रीमती निशा पन्ना, प्रशिक्षक प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के जरनैल सिंह और अमरवीर सिंह मौजूद थे।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



## भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणकः आत्मा की शाश्वत मुक्ति का प्रतीक



भगवान आदिनाथ वर्तमान हुडाअवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर हैं, जिन्होंने मानवता को मोक्ष की ओर पथ प्रशस्त किया। उनका जन्म इक्ष्वाकु वंश के एक महान क्षत्रिय कुल में हुआ, जहाँ वे ऋषभनाथ, ऋषभदेव, वृषभदेव, और पुरुदेव जैसे दिव्य नामों से विख्यात हुए। भगवान आदिनाथ ने संसार के जाल से मुक्ति का मार्ग प्रदर्शित किया, जिससे मानव जीवन को उच्चतम लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। जैन धर्म में, तीर्थंकर वे महापुरुष हैं जो संसार के समुद्र से मोक्ष के तीर्थ तक की यात्रा का मार्गदर्शन करते हैं। भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक, या निर्वाण कल्याणक, उनके जीवन का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण क्षण है, जो उनकी आत्मा के अंतिम मुक्ति और शाश्वत सिद्धि का प्रतीक है। जैन धर्म के अनुसार, प्रत्येक तीर्थंकर के पाँच प्रमुख कल्याणक होते हैं, जिनमें सबसे उच्च और अंतिम है मोक्ष कल्याणक। यही वह दिव्य क्षण है जब आत्मा कर्मों से मुक्त होकर पूर्ण ज्ञान, अपार शांति और अनंत आनंद को प्राप्त करती है। इस अवस्था को "सिद्ध पद" कहते हैं, जो परमात्मा की सर्वोच्च स्थिति का प्रतीक है।

निर्वाणोत्सव, मोक्ष की अमर स्मृति में मनाया जाने वाला पावन पर्व है। भगवान आदिनाथ का जन्म जैन धर्म के आध्यात्मिक प्रकाश का उद्भव था, जिसने सत्य और ज्ञान के नवीन युग का आरंभ किया। उनका अवतरण संसार को नई दिशा देते हुए, आत्म-ज्ञान के महत्व को स्थापित करता है। जैन धर्म की मान्यता है कि प्रत्येक तीर्थंकर के जन्म के पूर्व उनकी माता को शुभ स्वप्न दिखाई देते हैं। भगवान आदिनाथ की माता, मरुदेवी, ने उनके आगमन से पूर्व 14 मंगल-स्वप्न देखे थे, जो उनके दिव्य भविष्य की घोषणा करते थे। उनका जन्म अयोध्या में हुआ, जो उस समय ज्ञान और अज्ञान के बीच की सीमा पार करने का केंद्र था।

भगवान आदिनाथ का दीक्षा कल्याणक उस दिव्य क्षण से आरंभ होता है जब वे सांसारिक विलासिता का परित्याग कर तपस्या के महान मार्ग पर चल पड़े। यह कदम उनकी आध्यात्मिक यात्रा की नींव रखता है। दीक्षा कल्याणक के दौरान, उन्होंने शरीर और मन को वश में कर ध्यान और तप का मार्ग चुना। यह हमें सिखाता है कि मोक्ष की प्राप्ति के लिए बाह्य सुख-दुख से मोह मुक्त होना जरूरी है। उन्होंने भौतिक भोगों को छोड़कर आध्यात्मिक अन्वेषण को सर्वोच्च स्थान दिया। ज्ञान कल्याणक भगवान आदिनाथ के जीवन का वह पवित्र मोड़ है जहाँ उन्हें केवल ज्ञान का वरदान प्राप्त हुआ। यह अद्भुत अनुभव उन्हें संसार के सभी गूढ़ रहस्यों का अनावरण करता है और उन्हें सत्य के मूल स्वरूप से परिचित करवाता है। केवल ज्ञान के आलोक में, वे जीवन के सभी आयामों को गहराई से समझते हैं।

## अशोक लेलैंड ने झारखंड में तीन डीलरशिप आउटलेट का किया उद्घाटन



रांचीः हिंदुजा समूह की भारतीय प्रमुख कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता, अशोक लीलैंड ने आज झारखंड में साहू एंड संस ट्रकिंग्स के तीन नए एमएंडएचसीवी डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन किया। इनमें रांची में दो और सेरेंगदाग में एक आउटलेट शामिल है। इन आउटलेट के साथ, अशोक लीलैंड के अब राज्य भर में 30 एमएंडएचसीवी टचपॉइंट हैं। रांची में यह 3एस डीलरशिप, एनएच20 (जमशेदपुर को बरही से जोड़ते हुए) पर रणनीतिक रूप से स्थित है, जो 60,000 वर्ग फुट में फैली है और इसमें दस बे हैं। यह नई लॉन्च की गई डीलरशिप रांची, हज़ारीबाग, गुमला, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, खूंटी और सिमडेगा जिलों में सेवा प्रदान करेगी। यह आउटलेट एम एंड एचसीवी वाहनों की सेवा करेगा और आधुनिक उपकरणों से लैस है, जिसमें व्हील एलाइनमेंट मशीन, न्यूमैटिक सिस्टम और आधुनिक मरम्मत प्रणाली सुविधाओं के साथ चार समर्पित दुर्घटना के शिकार वाहनों की मरम्मत के लिए विशेष बे शामिल हैं। रांची में जिस दूसरे आउटलेट उद्घाटन किया गया वह एक डीलरशिप बिक्री (1 एस) आउटलेट है। तीसरा आउटलेट, एक अत्याधुनिक 2 एस इकाई है और चतरा जिले के सेरेंगदाग में स्थित है। 25,000 वर्ग फुट में फैली, इस इकाई एन सात सर्विस बे हैं और यह चतरा कोयला खदानों और एनटीपीसी, टंडवा के पास रणनीतिक रूप से स्थित है, जो राज्य के पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों में जाने वाले वाहनों के लिए कुशल पहुंच सुनिश्चित करता है। नई लॉन्च की गई ये सभी डीलरशिप अशोक लीलैंड को पूर्वी क्षेत्र में विस्तार करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अशोक लेलैंड की राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख –एमएचसीवी, माधवी देशमुख ने कहा कि हम इस क्षेत्र की बढ़ती आर्थिक गतिविधि, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का विस्तार और वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती मांग का लाभ उठाना चाहते हैं। हमारे भागीदार साहू एंड संस ट्रकिंग्स इन नए आउटलेट के ज़रिये इस क्षेत्र में हमारे ग्राहकों की विशिष्ट मांगों को पूरा करने में हमारी मदद करेंगे।

## परिवार को एक साथ रखने की कोशिश कर रही है पुष्पा



रांचीः सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल के हाल ही में एक भावनात्मक मोड़ आया और दर्शक हैरान रह गए, जब प्रार्थना अपने जीवन में एक दिल तोड़ने वाले हालात में पहुंच गई, जहां उसने अपनी जान लेने की कोशिश की। इसकी वजह यह थी कि उसके पिता बापोदरा नहीं चाहते थे कि वह अपने पति चिराग के पास वापस जाए।

आगामी एपिसोड में दीप्ति के बॉस की पत्नी काव्या ईर्ष्या के कारण उसे नौकरी से निकाल देती है। इसका कारण यह है कि वह दीप्ति को लेकर असुरक्षित महसूस करती है। दूसरी ओर पुष्पा को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है और उसे अपना घर गिरवी रखना होगा क्योंकि उसके बेटे अश्विन का व्यवसाय घाटे में चला जाता है। हालांकि, जिस व्यक्ति से उसने गिरवी रखने के लिए संपर्क किया, उसने उसे धोखा दिया और उसके घर को हड़पने की कोशिश की। बापोदरा इस अवसर का लाभ उठाता है और पुष्पा को अंतिम चेतावनी देता है कि या तो प्रार्थना को अमेरिका जाने के लिए मनाए या चार घंटे के भीतर चॉल खाली कर दे।

## जेबीकेएसएस के संजय मेहता आजसू पार्टी में शामिल



रांचीः आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेताओं डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर एवं राजेंद्र मेहता ने मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि कल धनबाद के भाटिनदह जलप्रपात स्थल पर देर रात तक चली केंद्रीय सभा की बैठक में संगठन और आम जनता के मुद्दों पर भावी रणनीति तय की गई, जिसके तहत अब पार्टी जनहित के लिए मुखर होकर आवाज बुलंद करेगी और विपक्ष की भूमिका में झारखंडी जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। पार्टी जनता के मान, सम्मान एवं स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। आजसू पार्टी संघर्ष से उपजी पार्टी है और आम जनता का हित इसके लिए चुनाव से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसी लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए आजसू पार्टी तीन माह में झारखंड के सभी 32,623 गांवों में ग्राम कमेटियों का गठन करेगी। आजसू नेताओं ने बताया कि केंद्रीय सभा के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया गया कि पूरी पार्टी एकजुट है और आजसू को हाशिए पर देखने का सपना देखने वालों को कुछ भी हाथ लगने वाला नहीं। कल की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक लंबोदर महतो समेत पूरे राज्य से आए केंद्रीय सदस्य, जिला पदाधिकारी, अनुषंगी संगठन और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। सबों ने एक स्वर में आजसू को बेहतर राजनीतिक जनविकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए एकजुटता और संघर्ष का आगाज करने का आह्वान किया। संवाददाता सम्मेलन में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के वरिष्ठ नेता एवं हजारीबाग लोकसभा चुनाव में डेढ़ लाख वोट लाने वाले संजय मेहता भी उपस्थित थे, जिन्होंने कल ही अपनी पूरी टीम के साथ सुदेश महतो के समक्ष आजसू की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि जेबीकेएसएस के आंदोलन की दिशाहीनता के कारण वह आजसू में शामिल हुए हैं। मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत ने बताया कि पार्टी ने कोयलांचल में विस्थापितों और रैयतों के आंदोलन पर किए गए झूठे मुकदमों में निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने की घोषणा की है। प्रवीण प्रभाकर ने 1986 से आजसू के संघर्ष को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि आज भी जनता को आजसू से ही संघर्ष की आस है।

## मंत्री चमरा लिंडा ने शिक्षा कैलेंडर किया जारीआवासीय विद्यालयों में वर्ग 6 से 8 में नामांकन की परीक्षा 9 मार्च से



रांची : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। मंत्री चमरा लिंडा मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स पहुंचकर आदिवासी कल्याण राज्य अन्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन तथा विद्यार्थियों के अध्ययन से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त को निर्देश दिया कि 1 मई 2025 से राज्य में कुल 59 एकलव्य मॉडल विद्यालयों में वर्ग 6 से 8 तक के जनजातीय बच्चों का नामांकन कार्य पूर्ण करते हुए अध्यापन कार्य सुनिश्चित करें। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि पूर्व में राज्य के भीतर मात्र सात एकलव्य मॉडल विद्यालय ही संचालित थे, जिसमें पूरे राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन किया जाता था, ऐसी व्यवस्था से हजारों की संख्या में जनजातीय वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते थे। मंत्री चमरा लिंडा ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तर्ज पर संचालित किया जाना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय बच्चे-बच्चियों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना सरकार का लक्ष्य है।

## रंगारंग प्रतियोगिता में 52 बच्चों ने चित्रकला व गायन में इनाम जीता



रांचीः रोटरी क्लब नॉर्थ , मेरी आवाज मेरी पहचान और बाल संस्कारशाला के संयुक्त तत्वाधान में कला नृत्य और सिंगिंग कार्यक्रम ए बी डेविस मेमोरियल हॉल डेविस हॉस्पिटल कांके में आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रतियोगिता में आर्ट और क्राफ्ट में हिस्सा लेने के साथ-साथ अपने-अपने मनमोहक नृत्य से सभी को भाव विभोर किया । सुलोचना शाहदेव के कुशल संचालन में बच्चों ने जबरदस्त गाने गाकर समां बांधा। छोटे बच्चों ने देशभक्ति गाने पर ऐसा जबरदस्त डांस किया कि लोगों के मन में जोश भर दिया। कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों का बच्चों ने खूब मनोरंजन किया । बाल संस्कारशाला के 52 बच्चों ने चित्रकला गायन एवं नृत्य में भाग लेकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बॉलीवुड एक्टर देवेश खान मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों में काफी प्रतिभा है। बच्चों के माता-पिता को बच्चों पर मेहनत करना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ संगीत भी जरूरी है । विशिष्ट अतिथि आनंद जालान, गणमान्य अतिथि किशन अगरवाल , बुलंद अख्तर , किशन अग्रवाल , गुलजार खान , शिक्षिका सुलोचना शाहदेव, कृति शाह, सुरभि रंजन एवं पूजा यादव उपस्थित थे । निर्णायक मंडली में प्रबंधक हेजल डेविस हॉस्पिटल कांके, मेरी आवाज मेरी पहचान के संस्थापक कुमार गहलोत और सचिव कविता होरो, जुनैद आलम, राहुल कुमार, वीणाश्री , पिया बर्मन , राजीव रंजन रोटरी क्लब ऑफ नॉर्थ रांची के अध्यक्ष निहार कांता दास , सचिव रिचड दोलय और रोटरी क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआई की सीएसआर के तहत संस्थापित आरओ सिस्टम व वाटर कूलरों का उद्घाटन



रांचीः सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत झारखंड के रांची जिले के कांके और बुढ़मू ब्लाक के बोरिया, मक्का, चकमे एवं मूरूपिरी सहित कुल 4 पंचायतों के विद्यालयों, आंगनबाड़ी, सामुदायिक एवं सार्वजनिक स्थलों में ''यथासंभव प्रयास सम्पूर्ण विकास'' (वाईपीएसवी) संस्था के सहयोग से आरओ सिस्टम के साथ कुल 20 वाटर कूलरों की संस्थापना करवायी गयी। इस सिस्टम के माध्यम से सीएमपीडीआई के कमांड एरिया/परिचालन क्षेत्रों में निवास करने वाले ग्रामीण और उसके आसपास के स्थानीय समुदायों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। इस परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को बोरिया स्थित बिरसा मध्य विद्यालय में वाटर कूलर सिस्टम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मौके पर सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक (माइनिंग) सैकत चटर्जी, उप प्रबंधक (कम्युनिटी डेवलपमेंट/सीएसआर) शैलेश चंद्र, बोरिया के मुखिया सोमा उरांव, ''यथासंभव प्रयास सम्पूर्ण विकास'' (वाईपीएसवी) संस्था के सचिव इंद्रजीत सहित स्थानीय निवासी एवं सामुदायिक हितधारक उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री चटर्जी ने कहा कि अपने कमांड एरिया/परिचालन क्षेत्रों में स्थानीय निवासी एवं समुदायों के लिए सतत् विकास, स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण तैयार करना सीएमपीडीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्थानीय निवासियों ने इस पहल के लिए सीएमपीडीआई के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इससे स्कूलों के विद्यार्थियों तथा स्थानीय निवासियों दोनों लाभप्रद होंगे।

## सीएम ने बैंड टीम में शामिल सभी छात्राओं को शानदार उपलब्धि के लिए दी बधाई



रांचीः मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को नई दिल्ली में 24-25 जनवरी को आयोजित नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन-2025 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम की बैंड टीम में शामिल छात्राओं ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय स्तर के इस बैंड कॉम्पटीशन के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बैंड टीम को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि एक सरकारी विद्यालय की छात्राओं ने बैंड कॉम्पटीशन के जरिए अपनी प्रतिभा को पूरे देश के समक्ष पेश कर झारखंड का नाम रौशन किया है। उन्होंने बैंड टीम के सभी सदस्यों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वे अलग-अलग क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखार कर सामने ला सकें। यहां के बच्चे-बच्चियों को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए भी सरकार योजना पर तरीके से कार्य कर रही है। बच्चों के एक्स्पोज़र के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

विदित हो कि नेशनल स्कूल बैंड कॉम्पटीशन में प्रथम स्थान हासिल करने वाली इस टीम के द्वारा नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी बैंड डिस्प्ले किया गया। झारखंड के लिए पहला मौका था जब नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में यहां की कोई बैंड टीम शामिल हुई हो। इस अवसर पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर शशि रंजन, स्टेट नोडल अफसर धीरसेन सोरेंग, फिजिकल एजुकेशन शिक्षक निशा पन्ना, प्रशिक्षक प्रेम राणा, पंजाब रेजिमेंटल सेंटर रामगढ़ के जरनैल सिंह और अमरवीर सिंह मौजूद थे।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले जिमनास्टिक एसोसिएशन के खिलाड़ी



रांचीः मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस वर्ष 10 से 13 जनवरी तक जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड के जिमनास्टों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक हासिल किए। उन्होंने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि उत्तराखंड में आयोजित होने वाले नेशनल गेम्स के ऐरो डांस इवेंट के लिए झारखंड के पांच खिलाड़ियों की टीम ने क्वालीफाई किया है। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को पदक जीतने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दें। इस मौके पर झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन के एडमिन सेक्रेटरी श्रीलाल, दीपक कुमार साहू के साथ जिमनास्ट विकास कुमार गोप, चाहत कुमार केरकेट्टा, दीपिका लामा, आयुष, टोनू गोपाल, अमित गोप, अनुराग कुमार, हेमा कुमारी तथा सुश्री प्रिया यादव शामिल थीं।

## पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा ने श्री राधा- कृष्ण मंदिर का किया दर्शन



रांचीः श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम सेवा धाम मे स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर मे पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार झा (आईपीएस) ने अपनी धर्म पत्नी श्रीमती पूजा झा के साथ मंदिर पहुंचे तथा भगवान राधा कृष्ण का माथा टेका एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी अरविंद पाण्डे ने उन्हे अंग- वस्त्र दुपट्टा ओढ़ा कर अभिनंदन किया। एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,सुरेश अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ ने उन्हे भगवान राधा-कृष्ण का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आईजी अखिलेश कुमार झा ने मंदिर की सुंदरता भव्यता एवं कलाकृति देखकर मंत्र-मुग्ध हुए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही श्री राधा- कृष्ण मंदिर झारखंड का एक धार्मिक स्थल होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं की समुचित सुविधा के लिए सुरक्षा विधि व्यवस्था के साथ-साथ श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम तक की सड़कों- नालियों एवं पार्किंग की सुचारु व्यवस्था दुरुस्त कराने की बात कही। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पवन कुमार पोद्दार, विशाल जालान आदि उपस्थित थे।

## महाकुंभ स्पेशल अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जायः चैंबर



रांचीः प्रयागराज और वाराणसी जानेवाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग के कारण यात्रियों को होनेवाली असुविधा को देखते हुए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची और टाटानगर से अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की मांग की। चैंबर भवन में संपन्न हुई एक बैठक में कहा गया कि ट्रेनों में आरक्षित सीट उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी कठिनाई हो रही है। सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि एक तरफ ट्रेनों में सीट नहीं है दूसरी तरफ फ्लाईट के किराये में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसका भुगतान करना सामान्य लोगों के लिए आसान नहीं है। डीआरयूसीसी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें जरूर चलाई गईं थीं किंतु वह पर्याप्त नहीं है।

## देवघर में आयोजित होने वाले शिव बारात के लिए सीएम हुए आमंत्रित



रांचीः मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिवरात्रि महोत्सव समिति, बाबा वैद्यनाथधाम, देवघर के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 26 फरवरी को बाबा बाबा मंदिर, देवघर में आयोजित होने वाले शिव बारात में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में शिवरात्रि महोत्सव समिति देवघर के अध्यक्ष अभिषेक आनंद, पंडा धर्मरक्षिणी सभा देवघर के पूर्व महासचिव कार्तिक नाथ ठाकुर, मंत्री अरुणानंद झा, चंद्रशेखर खवाड़े, अपूर्वानंद झा और धर्मेंद्र सिंह शामिल थे।

## सेल इकाईयों में मेगा वार्षिक खेल आयोजन का समापन



रांचीः स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इकाई ने अपने बहुप्रतीक्षित मेगा वार्षिक खेल आयोजन का समापन किया, जो सामुदायिक भावना का एक प्रेरक उत्सव था। पिछले पखवाड़े से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में 78 प्रभावशाली कार्यक्रम हुए, जिसमें कर्मचारियों, उनके जीवनसाथी और बच्चों ने हिस्सा लिया। बाहरी कार्यक्रम समारोह का मुख्य आकर्षण थे, जिसमें दौड़ (100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर), डिस्कस थ्रो, शॉट-पुट, बॉल थ्रो और लोकप्रिय सुई धागा प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं, जिसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हुए। जोड़ों के लिए विशेष बैलून गेम भी थे। जीवंत और प्रतिस्पर्धी माहौल ने सेल समुदाय के बीच टीम वर्क और खेल भावना को प्रदर्शित किया। पुरस्कार वितरण और समापन समारोह में हमारे सम्मानित मुख्य अतिथि, वेद प्रकाश, ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन), संजय धर सीजीएम (एचआर-एलएंडडी), एमटीआई, एस के गुप्ता सीजीएम (आरएमजी), एसपी दास सीजीएम (सीईटी) इस कार्यक्रम का समन्वयन और निगरानी सेल रांची इकाई के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और अध्यक्ष (एसयूएससी) एसजे जाचुक द्वारा की गई तथा पुरस्कार वितरण समारोह के माध्यम से इसके सुचारू क्रियान्वयन और सफलता को सुनिश्चित किया गया। हमारे सम्मानित अतिथि और आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक एवं उपाध्यक्ष (एसयूएससी) संजीव कुमार ने दिया।

## लायंस क्लब ऑफ़ रांची ग्लोबल ने बांटे कंबल



**रांची**ः लायंस क्लब ऑफ़ रांची ग्लोबल ने सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल रांची में जरूरतमंदों और मरीजों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सर्दी के प्रकोप से जूझ रहे जरूतमंदों लोगों को राहत प्रदान करना था।उन्होंने कहा, "यह हमारा कर्तव्य है कि हम समाज के हर वर्ग की मदद करें। ठंड के इस मौसम में ऐसे प्रयास जरूरतमंदों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।"
कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा,पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल कंबल प्रोजेक्ट चेयरपर्सन मोनिका गोयंका कि ओर से 500 कंबल वितरित किए गए। अस्पताल प्रबंधन ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से जरूरतमंदों को न केवल भौतिक सहायता मिलती है, बल्कि समाज में एकजुटता का भी संदेश जाता है।पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि हमारे क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कंबल वितरण में मदद की।हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम अस्पताल में भर्ती मरीजों और जरूरतमंदों के लिए एक छोटा सा सहारा बन पाएगा।कार्यक्रम में मरीजों और उनके परिजनों ने इस सहयोग के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया।

## जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति (खनन) की बैठक




**रांची**। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में अवैध खनन के रोकथाम हेतु जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, जिला खनन पदाधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।
433अभियुक्तोंकेविरुद्ध120एफआईआर,84.45लाखकावसूलागयाजुर्माना
बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम हेतु की गई कार्रवाई की समीक्षा की गयी। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 27.01.2025 तक अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण को लेकर विभिन्न थानों में 433 अभियुक्तों के विरुद्ध कुल 120 प्राथमिकी दर्ज की गई है, साथ ही 84.45 लाख का जुर्माना भी वसूला गया है। डीएमओ ने बताया कि अवैध उत्खनन में प्रयुक्त 421 वाहनों को भी जब्त किया गया और 122 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी।
**अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण पर रोक सुनिश्चित करें - उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री** उपायुक्त, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बालू खनिज के अवैध खनन, भण्डारण, परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारियों को अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी के सहयोग से अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण पर रोक लगाने को कहा। पुलिस उपाधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार ने सभी सीओ से कहा कि कार्रवाई हेतु पुलिस बल की आवश्यकता हो तो ससमय जानकारी दें।

## मांडर में आग लगने से पुआल जलकर राख



**मांडर** : थाना क्षेत्र के सोसई ललमटियाटांड़ निवासी महिला ललिता एक्का के पुआल के गांज और गन्ना के खेत में आग लग गई। आग लगने से पुआल का गांज और गन्ना की फसल का काफी हिस्सा जल गया है। घटना सोमवार दोपहर की है। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि ललिता एक्का दिन में मध्य विद्यालय सोसई में मध्याह्न भोजन बनाने गई थी, इसी बीच घर में मौजूद उसकी पुत्री ने पुआल के गांज और गन्ने की फसल में आग लगने की सूचना दी। बाद में घर जाकर उसने किसी तरह फसल में लगी आग बुझ। आग से महिला को लगभग 10 हजार का नुकसान हुआ है।

## राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया



रांची।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सेमुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर राजधानी रांची के मोरहाबादी में 31 जनवरी से आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस महोत्सव में झारखंड की सभी 32 जनजातीय समुदायों की भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति की नीलम बिरुली, अमित तिर्की, कमिश्नर मुंडा और बादल मुंडा समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

## रातु में इंडसइंड बैंक के भारत फाइनेंस में लूट

**रांची** : रातु काठीटांड आनंदमयी नगर स्थित इंडस इंड भारत फाइनेंस बैंक में धावा बोलकर तीन अपराधियो ने बैंककर्मियों को एक रूम में बंद कर लगभग ढाई लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। जाते- जाते अपराधियो ने बैंककर्मियो के बाइक की चाभी, लैपटॉप, टैब, मोबाईल व एक पल्सर बाइक लेकर फरार हो गये।

# सीएमपीडीआई में कार्यशाला-सह-आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन



रांचीः सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक तथा नराकास (उपक्रम) रांची के अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में एवं निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, एचपीसीएल के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक-रांची (आईएंडसी), कपिल कुमार राय की उपस्थिति में एचपीसीएल, रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) रांची के सदस्य कार्यालयों के लिए कार्यशाला-सह-आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल, मेकन, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भारतीय खाद्य निगम, एमएसटीसी, एनपीपीसीसी, रेलटेल, पावर ग्रिड सहित विभिन्न उपक्रमों से 44 अधिकारी उपस्थित थे।
इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में मनोज कुमार ने सभी को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया और प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए शुभकामनाएं दीं।
सर्वप्रथम आयोजक कार्यालय के रूप में मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक-रांची (आईएंडसी), कपिल कुमार राय ने सभी का स्वागत किया और नराकास सदस्य सचिव श्री रास विहारी ने कार्यक्रम की भूमिका के बारे में सभी को अवगत कराया।
प्रथम पुरस्कार सीसीएल के ज्ञानेन्दु चौबे , द्वितीय पुरस्कार भारतीय खाद्य निगम की पूजा गुप्ता एवं तृतीय पुरस्कार एमएसटीसी के शाखा प्रबंधक मयूरी डिमरी को प्रदान किया गया।
कार्यक्रम में एचपीसीएल की ओर से प्रबंधक-रांची जगदीप मुर्मु ने ''एचपीसीएल-एक परिचय'' विषय पर एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया और एचपीसीएल के व्यावसायिक तथा राजभाषा संबंधी गतिविधियों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। तत्पश्चात् प्रतियोगिता का आरंभ किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में नराकास सदस्य सचिव रास विहारी और उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने सभी का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का संचालन एचपीसीएल के प्रबंधक (राजभाषा) अतनु चट्टोपाध्याय ने किया।

# 20 फरवरी तक जिला स्तर पर मुख्यमंत्री पशुधन योजना का 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें: शिल्पी नेहा तिर्की



**रांचीः कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना की सुस्ती पर नाराजगी जाहिर की है. रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को 20 फरवरी तक लक्ष्य का 80 प्रतिशत पशु वितरण का निर्देश दिया है. ये आंकड़ा जिला स्तर पर हर हाल में हासिल करने को कहा गया है. पशुपालन विभाग के निदेशालय के साथ समीक्षा बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के जिलावार रिपोर्ट से विभागीय मंत्री असंतुष्ट दिखी. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि समय पर लाभुकों का चयन और सूची तैयार नहीं होने से विभाग अपने तय लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रही है. इसके लिए जरूरी है कि समय सीमा के अंदर योग्य लाभुक का चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए. मुख्यमंत्री पशुधन योजना में त्रुटियों को समय रहते दूर करने पर भी चर्चा की गई है. इसके लिए राज्यादेश में सुधार किया जाएगा, ताकि लाभुकों को पशुधन योजना का लाभ देने को कोई अड़चन पैदा ना हो. इसके साथ ही पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित फार्म्स के अगले 5 साल के विजन डॉक्यूमेंट्स की को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के समक्ष रखा गया.

# उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री से केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने की मुलाकात



**रांची**। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री से केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने मुलाकात की। समिति द्वारा कांटाटोली से सिरम टोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर निर्माण लिए भूमि अधिग्रहण से केंद्रीय सरना स्थल पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई।
उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा समिति के अध्यक्ष श्री अजय तिर्की एवं अन्य सदस्यों को आश्वशत किया गया कि पूरा मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में है, एवं अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि इस मामले को लेकर स्थानीय समन्वय समिति का गठन कर दिया गया है। उन्होंने तत्काल अपने कक्ष में समिति से संबंधित पदाधिकारियों को बुलाकर स्थल भ्रमण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश के बाद समिति द्वारा सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल का निरीक्षण भी किया गया।
उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा केंद्रीय सरना समिति से अपील की गई कि वो किसी के बहकावे में ना आएं, जिला प्रशासन द्वारा इस पूरे मामले में उचित समाधान निकाला जाएगा ताकि केंद्रीय सरना स्थल का अस्तित्व एवं धार्मिक पहचान किसी भी तरीके से प्रभावित न हो।

# स्कूल, बस, वैन एवं ऑटो की उचित जांच के निर्देश




**रांची**। उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में आज दिनांक 28.01.2025 को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर श्री उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।
ओवर स्पीडिंग पर कार्रवाई करने का निर्देश
बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा पीपीटी में माध्यम से रांची जिला में वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 01.01.2024 से 31.12.2024 तक रांची जिला में कुल 746 सड़क दुर्घटनाएँ हुईं। जिसमें 550 लोगों की जान गई जबकि गंभीर रूप से 392 लोग घायल हुए और 73 लोगों को हल्की चोटें आईं। उपायुक्त द्वारा किन कारणों से सड़क दुर्घटना हुई इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ओवर स्पीडिंग पर नियमानुसार कार्रवाई करें।
**रांची में चार ब्लैक स्पॉट्स** जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि रांची में चार स्थानों पर ब्लैक स्पॉट है। उन्होंने बताया कि खेलगांव, नगड़ी में 1-1 और नामकुम थाना क्षेत्र में 02 ब्लैक स्पॉट हैं, वर्ष 2020, 2021 और 2022 में रांची जिला में कुल 19 स्थानों पर ब्लैक स्पॉट्स थे, जो अब सिर्फ 04 ही रह गए हैं। उपायुक्त द्वारा इस संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया।
**कार्य पूरा नहीं होने पर उपायुक्त गंभीर, दी चेतावनी**समिति द्वारा सड़क सुरक्षा की पूर्व की बैठक में लिए गये निर्णय की भी आज की बैठक में समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा समिति के पूर्व के निर्णय पर कार्य पूरा नहीं होने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। उन्होंने सख्त लहज़े में कहा कि पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इस तरह की पुनरावृत्ति ना हो।
**स्कूल, बस, वैन एवं ऑटो की उचित जांच के निर्देश** बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त, श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा स्कूल बसों, वैन एवं ऑटो के उचित जांच के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग के साथ-साथ वाहनों की स्थिति, दस्तावेज और ड्राइवर के लाइसेंस की प्रॉपर जांच करें। समिति द्वारा इस दिशा में अभिभावकों को जागरूक करने का भी निर्णय लिया गया कि वो अच्छी स्थिति के वाहन और लाइसेंस धारी ड्राइवर के साथ ही अपने बच्चों को स्कूल भेजें।
**अवैध पार्किंग पर होगी फौरन कार्रवाई** रांची के प्रमुख चौक-चौराहों, सड़कों एवं स्थानों पर अवैध पार्किंग को लेकर उपायुक्त ने फौरन कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यातायात व्यवस्था बाधित न हो यह सुनिश्चित करते हुए अवैध पार्किंग पर फौरन कार्रवाई करें। उपायुक्त द्वारा लोगों से भी अपील की गयी है कि सुगम यातायात व्यवस्था बनायें रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करें, जहां-तहां पार्किंग न करें।
काठीटांड चौक पर गोल चक्कर बनाने के संबंध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि एनएचआई एवं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा स्थल भ्रमण कर उचित निर्णय लिया जायेगा। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर भी समिति द्वारा विचार-विमर्श करते हुए उचित निर्णय लिये गये।

# श्री बादल राज की अध्यक्षता में समावेशी शिक्षा की जिलास्तरीय बैठक




**रांची**। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा रांची जिला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए उनके द्वारा शिक्षा के स्तर को मानक स्तर पर सुधार के लिए कई मानक प्रयास किए जा रहें है।
जिसको लेकर उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज की अध्यक्षता में समावेशी शिक्षा की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई।
**प्रस्तावित कार्यक्रम की एजेंडावार समीक्षा**
बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, द्वारा UDISE में रांची जिला के सभी प्रखंड के सभी दिव्यांग बच्चे (वर्ष 03 से 18 वर्ष) की सूची संधारित करने एवं प्रशस्त ऐप पर सभी बच्चों की एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को देते हुए जल्द इसे पूरा कराने को कहा।
शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक स्तर में प्रगति के लिए किए जाने वाले गतिविधियां निर्धारित की गई। माह फरवरी में किए जाने वालें कार्यक्रम तय किए गए जिसमें प्रखंड स्तर पर दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक सुधार हेतु वातावरण निर्माण के क्रम में विभिन्न तरह के प्रतियोगिता आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिला स्तर पर दिव्यांग बच्चों का एक्सपोजर कराने का निर्णय लिया गया साथ ही जिला स्तरीय दिव्यांग बच्चों हेतु खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन करने का निर्देश दिया गया।
प्राथमिक एवं अपर प्राथमिक कक्षाओं के छात्र/छात्राओं में संवाद क्षमता के विकास के लिए #RanchiSpeaks कार्यक्रम बड़े पैमाने पर चलाने पर चर्चा
बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अवर विद्यालय निरीक्षक, रांची-1, 2 प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक जिले के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय रांची को निर्देश देते हुए प्राथमिक एवं अपर प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं में संवाद क्षमता (Speaking Ability) के विकास के संबंध में # RanchiSpeaks कराने का निर्देश दिया।
जिसमें विद्यार्थीगण हिन्दी, अंग्रेजी, क्षेत्रीय या जनजातीय भाषा में अपनी प्रस्तुति तैयार करेंगे। शिक्षक निरंतर छात्रों को भाषा की कक्षा में एवं चेतना सत्र में प्रार्थना सभा में मंच पर बुलाकर इनकी प्रस्तुति को देखेंगे एवं इसका विडियो जिला शिक्षा अधीक्षक, रांची के Public Speaking whatsapp ग्रुप के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय प्रधान, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी इसे विद्यालय स्तर पर निरंतर संचालित एवं मॉनिटर करेंगे। छात्रों में संवाद क्षमता संवर्धन एवं भाषाई कौशल विकास कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्तर से कराने को निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा दिया गया।

## रांची में नाबालिग के साथ ट्यूशन टीचर ने की गंदी हरकत, गया जेल



**रांची** : राजधानी रांची में एक 14 साल की बच्ची के साथ गलत हरकत करने का इल्जाम उसी के ट्यूशन टीचर पर लगा है। इल्जाम लगाने वाला कोई और नहीं, खुद 14 साल की छात्रा है। कोकर इलाके में रहने वाली छात्रा ने सदर थाना में टीचर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में उसने बताया है कि बीते 27 जनवरी की शाम वह रोज की तरह ट्यूशन के लिए अपने टीचर के घर गयी थी। उसके बैच में करीब 4-5 बच्चे पढ़ते हैं। टीचर ने एक-एक कर बाकी सभी बच्चों को घर भेज दिया। वहीं, छात्रा को रोक लिया। बोला- तुम रुको, तुम्हें मैथ्स पढ़ाना है। इल्जाम है कि पढ़ाने के दौरान छात्रा के साथ टीचर ने गलत हरकत की। वहीं, प्रतिरोध करने पर कहा कि 'इट्स ओके, यह सब नॉर्मल है, चलता है।'
इसके बाद बच्ची अपने घर चली गयी और मां-पापा को सबकुछ बताया। नाबालिग बिटिया के साथ छेड़छाड़ की बात सुन मां-बाप का पारा हाई हो गया। सभी पहुंच गये, ट्यूशन टीचर के घर। उसे जमकर कोसा, खरी-खोटी सुनायी, लप्पड़-थप्पड़ भी हुआ। मां-बाप ने टीचर से पूछा कि उसने बिटिया के साथ ऐसा क्यों किया? तो वह साफ मुकर गया। उसने कहा कि 'बच्ची झूट बोल रही है, मैंने ऐसा कुछ नहीं किया।'

## लोहरदगा में सड़क पर मौत बनकर दौड़ी पिकअप, 2 की मौत; 2 गंभीर रूप से घायल



**लोहरदगा** : जिले में मंगलवार को एक पिकअप वैन मौत बनकर सड़क पर दौड़ी। इस घटना में 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहली घटना एसपी कोठी के पास हुई। यहां अनियंत्रित पिकअप ने एक स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद पिकअप तेजी से भागने लगा।
इसी क्रम में समाहरणालय मोड़ के पास उस पिकअप ने एक मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, इस घटना के दौरान व्यक्ति का बाइक पिकअप के अगले हिस्से में फंस गया।
इसी बीच पिकअप चालक गाड़ी को तेज रफ्तार में कचहरी मोड़ होते हुए पतरा टोली से शंख नदी की ओर भागने लगा।इसी बीच इस पिकअप ने कई अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसके बाद शंख नदी के पास पिकअप में आग लग गयी। फिर ड्राइवर और उसमें सवार 3 लोगों को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस को हवाले कर दिया।

## नशे के सौदागरों को जमशेदपुर पुलिस ने दी तीखी चोट




**जमशेदपुर** : जमशेदपुर की परसुडीह पुलिस ने नशे के सौदागरों को एक बार फिर से तीखी चोट दी है। पुलिस ने एक ड्रग्स तस्कर को दबोचा है। उसके पास से 262.70 ग्राम BS यानी ब्राउन शुगर जब्त किये गये हैं। जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत बाजार में करीब 30 लाख रुपये आंकी गयी है। गिरफ्तार तस्कर का नाम मो आबिद खान बताया गया। वह कीताडीह का रहने वाला है। इस बात का खुलासा आज जमशेदपुर के पुलिस कप्तान किशोर कौशल ने किया।
SSP ने मीडिया को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक शख्स ब्राउन शुगर की खेप लेकर पहुंचने वाला है। शहर के युवा इसके कस्टमर हैं। मिली इंफॉर्मेशन पर SSP के निर्देश पर एक टीम गठित की गयी। गठित टीम ने रेलवे स्टेशन के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दरम्यान एक शख्स को कीताडीह की ओर से आते देखा गया। पुलिस पर नजर पड़ते ही वह सकपकाया और भागने लगा। पुलिस ने उसे खदेड़कर दबोच लिया। तालाशी लेने पर उसके पास से 262.70 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया।
SSP ने बताया कि आबिद के खिलाफ परसुडीह, सुंदरनगर और जुगसलाई थाना में कुल 12 संगीन मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट जैसे मामले शामिल हैं। आबिद पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के मामले में परिवार समेत जेल जा चुका है। बीते 20 दिसंबर 2024 को ही वह जेल से बाहर आया और फिर से नशे का धंधा करने लगा। फिलहाल आबिद को जेल भेज दिया गया है।

## 1 करोड़ इनामी प्रयाग मांझी का करीबी सेरम चढ़ा पुलिस के हत्थे



**गिरिडीह** : नक्सलियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस लगातार अभियान चला रही है। बीती रात इसी क्रम में गिरिडीह पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी उर्फ करण दा के करीबी सेरम और उसकी पत्नी को पकड़ा है. गिरफ्तार सेरम 1 करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी के लिए रात में संत्री की ड्यूटी करता था। जबकि, उसकी पत्नी मालती मुर्मू उर्फ गुड़िया उर्फ गुड़ी खाना बनाती थी। दोनों ने पूछताछ में कई जानकारियां सुरक्षाबलों को दी।
जंगल में भ्रमणशील होने की सूचना पर शुरू हुई सर्च अभियान सेरम और उसकी पत्नी गुड़िया की गिरफ्तारी को लेकर मीडिया को बताया गया कि बीती रात गिरिडीह एसपी डॉ विमल कुमार को सूचना मिली कि कुछ नक्सली जंगल मे घूम रहे हैं। इसके बाद सीआरपीएफ 154 और डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में सर्च अभियान शुरू हुआ। सुरक्षाबलों को देख सेरम और गुड़िया भागने लगी। जिसके बाद दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जांच करने पर दोनों के पास से एक पिस्टल और दो पीस जिंदा गोली जब्त किया गया।



## शादी तब हो जब आप मानसिक रूप से तैयार हों

**फिल्म 'बेफिकरे' की शायरा गिल अब 'बदतमीज गिल' बन चुकी है। जी हां, अभिनेत्री वाणी कपूर की नई फिल्म का यही नाम है। वाणी हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग करके बरेली से लौटी हैं। इसके अलावा उन्होंने अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'खेल खेल में' और अजय देवगन के साथ फिल्म 'रेड 2' की शूटिंग भी करीब करीब पूरी कर ली है।**

**'शुद्ध देसी रोमांस' के किरदार तारा से लेकर 'बदतमीज गिल' तक आते आते बतौर अभिनेत्री अब कितना विश्वास आ चुका है अपने ऊपर?**

खूब सारा काम करके खूब सारा आत्मविश्वास तो आता ही, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन, आत्मविश्वास से ज्यादा जरूरी है, उस किरदार को करने के लिए आस्था होना। बीते 10 साल में मैंने ज्यादा फिल्में की नहीं हैं और मुझे तो लगता है कि जैसे मेरी शुरुआत अब हो रही है। मैं अब भी शूटिंग पर पहुंचती हूं तो नर्वस हो जाती हूं। उस मकाम पर भी अभी नहीं पहुंची हूं जहां मुझे लगे कि मैं कुछ भी कर सकती हूं।

**और, आपके माता-पिता कितने खुश हैं आपकी अब तक की अभिनय यात्रा से?**

समय के साथ साथ वह दोनों भी काफी बदले हैं। सिनेमा और इसके लोगों को लेकर उनकी समझ पहले से ज्यादा विकसित हो चुकी है। उनका बहुत भरोसा रहा है मुझ पर और मेरा भी यही रहा है कि मैं कभी उनका भरोसा न तोड़ूं। ये हमारे बीच एक अनकहा सा समझौता है। वह मेरा हर कदम पर साथ देते हैं और मैं भी बहुत आज्ञाकारी बेटी की तरह रहती हूं। जो दायरा मैंने अपनी परवरिश के दौरान अपने चारों तरफ देखा है, उसके बाहर मैं खुद ही अपने आपको जाने नहीं देती।

**तो मम्मी ने फोटो भेजनी तो नहीं शुरू की इन दिनों कि देखो, ये लड़के देख रहे हैं हम तुम्हारे लिए..?**

मेरे ऊपर ऐसा कोई दबाव उन्होंने कभी नहीं डाला। मेरा भी यही मानना है कि शादी से पहले आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना और खुद के भरोसे चलना बहुत जरूरी है। शादी तब होनी चाहिए जब आप मानसिक रूप से तैयार हों इसके। किसी और के साथ जीवन बिताने का फैसला करने से पहले जरूरी है अपने साथ समय बिताना और खुद को जानना। बहुत जरूरी ये पहचानना कि आप किस वजह से शादी कर रहे हैं।



# काजल अग्रवाल ने गिनाईं साउथ फिल्म इंडस्ट्री की कमियां

अभिनेत्री काजल अग्रवाल किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। काजल को बॉलीवुड, तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम कर अपने अभिनय का लोहा मनवाते देखा जा चुका है। वहीं, अब अभिनेत्री अपने हालिया बयान की वजह से सुर्खियों में आ गई हैं। काजल ने स्वीकार किया है कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की तुलना में साउथ में चीजें काफी अलग हैं। उनका कहना है कि महिला कलाकार अब भी साउथ फिल्म इंडस्ट्री में उस प्रणाली को बदलने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं, जिसके तहत शादी करने या मां बनने के बाद उन्हें मजबूत भूमिकाएं नहीं मिल पा रही हैं।
गलाट्टा प्लस के साथ एक इंटरव्यू में काजल ने स्वीकार किया कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काफी अंतर है।
अभिनेत्री को बताया गया कि कैसे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में शादी के बाद भी दीपिका पादुकोण को फाइटर में एक दमदार किरदार और आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में एक रोमांटिक भूमिका की पेशकश की गई, जो कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री में बेहद कम ही देखने को मिलता है।
जानकारी हो कि काजल अपनी नवीनतम फिल्म सत्यभामा में एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा रही हैं। वहीं, इस सवाल पर अभिनेत्री का कहना है, हमारे बीच अभी भी थोड़ी-बहुत रूढ़िवादिता जुड़ी हुई है। मैं उम्मीद कर रही हूं कि हम जल्द ही इससे छुटकारा पा लेंगे। मुझे यह भी लगता है कि अब नई पीढ़ी की अभिनेत्रियों की शादी हो चुकी है और उनके बच्चे भी हैं।
काजल ने इस बात पर भी जोर दिया कि फिल्म निर्माताओं के रूप में, उन्हें आगे बढ़ने और अपने दर्शकों के लिए ऐसी कहानियां पेश करने की जरूरत है जहां महिलाओं को विभिन्न भागों में देखा जा सके। दर्शकों को दोष न देते हुए काजल ने स्वीकार किया कि वे इसके लिए तैयार हैं लेकिन कलाकारों को इसमें शामिल होने की जरूरत है।
काजल अग्रवाल ने साल 2020 में गौतम किचलू से शादी की। इसके दो साल बाद वह मां बनीं। हालांकि, अभिनेत्री ने यह भी स्वीकार किया है कि साउथ इंडस्ट्री में भी चीजें अब काफी ज्यादा बदल रही हैं। उन्होंने नयनतारा की सराहना की कि वह अभी भी अपनी शर्तों पर रोमांटिक और एक्शन भूमिकाएं निभा रही हैं।



## राक्षस में साथ काम नहीं करेंगे रणवीर सिंह और प्रशांत वर्मा

साउथ के फेमस डायरेक्टर प्रशांत वर्मा और एक्टर रणवीर सिंह की फिल्म राक्षस को लेकर कई तरह की खबरें चल रही हैं। हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इन सारी चर्चाओं के बीच में, दोनों ने एक बयान जारी किया है और खुलासा किया है कि वे एक ऐसे प्रोजेक्ट को लेकर अलग हो गए हैं जिसकी कभी आधिकारिक घोषणा ही नहीं की गई थी। हाल ही में उनके बीच मतभेदों की खबरें फैल रही थीं। कहा जा रहा है कि रणवीर, प्रशांत के साथ रिकॉर्ड-सेटिंग सुपरहीरो ब्लॉकबस्टर हनुमान के अगले पार्ट में काम करेंगे, जो 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक बनी हुई है। बयान में रणवीर ने कहा, प्रशांत एक बेहद खास टैलेंट हैं। हम मिले और साथ मिलकर एक फिल्म के बारे में बात की। उम्मीद है कि हम भविष्य में किसी रोमांचक प्रोजेक्ट पर सहयोग करेंगे। फिल्ममेकर ने कहा, रणवीर की एनर्जी और टैलेंट मिलना दुर्लभ है। हम जल्द ही भविष्य में किसी समय साथ में काम करेंगे। बयान में कहा गया है कि उन्होंने क्रिएटिव मतभेदों के कारण अलग होने का फैसला किया, लेकिन यह भी कहा कि यह फिल्म के लिए सही समय नहीं था, भले ही सभी के इरादे सही थे। बयान के अंत में कहा गया, ये टीम आने वाले समय में साथ जुड़कर काम करेगी।

### रणवीर सिंह की आने वाली फिल्में

रणवीर के पास फिलहाल शक्तिमान रीबूट और फरहान अख्तर की डॉन 3 हैं। लेकिन दोनों बड़े बजट की फिल्मों में देरी हो गई है, उनकी घोषणा के बाद किसी के बारे में कोई खास अपडेट शेयर नहीं किया गया है। प्रशांत वर्मा ने हनुमान के साथ अपनी सफलता के बाद इसकी फ्रेंचाइजी को लेकर आने के बारे में बात की है।

## अपनी असफलता को अच्छी तरह इस्तेमाल किया



मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी दर्शकों के दिलों में उतरने में असफल रही है। लेकिन मनोज असफलता को भी बड़ी पॉजिटिविटी के साथ अपनाते हैं। मनोज बाजपेयी ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने जीवन के बुरे दौर के बारे में बात की। हाल ही में, सुशांत सिन्हा के साथ एक पॉडकास्ट में, मनोज ने बताया कि कैसे उन्होंने अपने खाली समय को प्रोडक्टिव बनाया। मनोज ने कहा- एक समय था जब मेरे करियर में मुश्किलें आईं, मुझे फाइनेंशियल समस्याओं का भी सामना करना पड़ा। इसलिए एक दिन, मैंने फैसला किया कि मैं इसे और नहीं झेल सकता। मैंने सुबह 5 बजे उठना शुरू कर दिया। मैं योग करता और खुद को डिसिप्लिन करता। उस दौरान मैंने मांस खाना बंद कर दिया, शराब पीना छोड़ दिया और अपनी सभी बुरी आदतों को छोड़ दिया। मैंने खुद पर काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा- इन सब से परहेज करने के बाद, मैंने रोजाना दो डायरेक्टरों को काम के लिए फोन करना शुरू कर दिया। वे मुझसे बहुत अच्छे से बात करते थे। भले ही मैं कहीं बाहर नहीं जा रहा होता तब भी मैं अच्छे कपड़े पहनता था। यह मेरे लिए काम की तरह हो गया था। मैं एक्टिंग की एक्सरसाइज करता, पढ़ता, खुद पर सभी तरीके आजमाता और अपने परिवार के पास घर चला जाता। मैंने फिर से दोस्तों के साथ घुलना-मिलना शुरू कर दिया। इस तरह, मैंने अपनी असफलता के समय का इस्तेमाल अच्छे तरीके से किया। मनोज ने यह भी बताया कि जब डायरेक्टर-प्रोड्यूसर प्रकाश झा ने उन्हें 'राजनीति' ऑफर की, तो उन्होंने सोचा कि यह फिल्म उनके लिए कामयाब होनी चाहिए। किस्मत से ऐसा ही हुआ और मनोज को उनकी शानदार वापसी मिली।

## साउथ सिनेमा में आकर श्रीदेवी के करीब महसूस करती हैं जान्हवी



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा जान्हवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में अभिनेत्री राजकुमार राव के साथ नजर आ रही हैं। दर्शकों को जान्हवी की यह फिल्म काफी पसंद भी आ रही है। दोनों कलाकार फिल्म का जोरों-शोरों से प्रमोशन करने में लगे हुए हैं। अब हाल ही में, जान्हवी ने बताया है कि दक्षिण सिनेमा में आने से वह अपनी मां श्रीदेवी के और करीब महसूस करती हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।
जान्हवी ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि दक्षिण फिल्म उद्योग में वह अपनी मां श्रीदेवी के करीब महसूस करती हैं। अभिनेत्री जान्हवी कपूर जूनियर एनटीआर के साथ देवरा में तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री अपनी 16वीं फिल्म में राम चरण के साथ एक और तेलुगु फिल्म में अभिनय करेंगी। जान्हवी ने कहा, किसी तरह यह मुझे अपनी मां के करीब महसूस कराता है, उस माहौल में रहना, साथ ही उस भाषा को सुनना और बोलना। मुझे लगा कि यह सही समय है, मुझे लगा कि मैं इसकी ओर आकर्षित हो रही हूं। एनटीआर सर और राम चरण सर के परिवारों के साथ मॉम के अच्छे संबंध रहे हैं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं इन दोनों बेहद प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ काम करने में सक्षम हूं। बता दें कि बॉलीवुड के बाद जान्हवी भी साउथ इंडस्ट्री में अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार हैं। फिल्म देवरा से वह साउथ फिल्मों में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। दर्शकों को उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।



## द साबरमती रिपोर्ट में दिखेगी राशि और विक्रांत की जुगलबंदी

राशि खन्ना तेलुगु फिल्मों की जानी मानी अदाकारा हैं। हाल में ही वह फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आई थीं। वह मुख्यत तेलुगु फिल्मों में नजर आती हैं। हालांकि, उन्होंने तेलुगु के अलावा भी कई अन्य भाषाओं की फिल्मों में काम किया है। इस साल उन्हें अब तक कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं मिला था, लेकिन अब जल्द ही वह एक और हिंदी फिल्म में नजर आएंगी। राशि हाल में ही योद्धा के अलावा तमिल फिल्म अरनमनई 4 में भी नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री तमन्ना भाटिया भी नजर आई थीं। फिल्म ने तमिल और तेलुगु बॉक्स ऑफिस पर काफी बेहतर प्रदर्शन किया था। हाल में ही फिल्म को हिंदी में भी रिलीज किया गया है। अरनमनई 4 से उनके तमिल फिल्मी करियर में एक नई उछाल आई है। अब अभिनेत्री जल्द ही अपने हिंदी फैंस को सरप्राइज देने वाली हैं। वह जल्द ही अपनी आगामी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट में नजर आएंगी। अभिनेत्री के इस फिल्म को लेकर खबरें लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं।



राशि इस फिल्म में अवॉर्ड विजेता अभिनेता विक्रांत मैसी के साथ नजर आएंगी। विक्रांत पिछली बार फिल्म 12वीं फेल में नजर आए थे। फिल्म को काफी चर्चा मिली थी। राशि और विक्रांत को एक साथ देखने के लिए उनके फैंस काफी उत्साहित है। राशि इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जो 2002 के गोधरा ट्रेन आगजनी पर आधारित है। फिल्म का नाम द साबरमती रिपोर्ट रखा गया है और इसका निर्देशन रंजन चंदेल कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है।

## मलाइका अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर की क्रिप्टिक पोस्ट शेयर

अर्जुन कपूर के साथ ब्रेकअप की खबरों के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक क्रिप्टिक (हिडेन) पोस्ट शेयर की। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें एक व्हाइटबोर्ड पर क्रिप्टिक मैसेज लिखा हुआ है। उसमें लिखा है, जब वे कहें कि आप ऐसा नहीं कर सकते, तो इसे दो बार करें और फोटो लें। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक मैसेज शेयर किया था। इसके एक दिन बार रविवार को एक्ट्रेस ने यह मैसेज पोस्ट किया है। अर्जुन कपूर ने अपने मैसेज में कहा था, हमारे पास जीवन में दो विकल्प हैं। हम अपने अतीत के कैदी हो सकते हैं या भविष्य की संभावनाओं की खोज कर सकते हैं। मलाइका और अर्जुन ने साल 2018 में अपने रिश्ते को ऑफिशियल तौर से स्वीकार किया था, लेकिन अब उनके अलग होने की खबरें आ रही हैं।



# मालदीव का विपक्ष बोला- मुइज्जु प्रशासन अपराधियों को बचा रहाः सरकारी अधिकारियों की क्रिमिनल गैंग के साथ साझेदारी

एजेंसी

मालदीव के विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति मुइज्जु की सरकार अपराधियों को प्रोटेक्ट कर रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (MDP) ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुइज्जु प्रशासन के अधिकारियों के मालदीव में सक्रिया क्रिमिनल गैंग के साथ अच्छे संबंध हैं। MDP का यब बयान 31 जनवरी को मालदीव के प्रोसिक्यूटर जनरल हुसैन शमीम पर हुए हमले के बाद आया है। हुसैन शमीम को पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह की सरकार ने नियुक्त किया था। सोलिह की पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (MDP) है। MDP ने कहा- हुसैन शमीम पर हमले की निंदा करते हैं। सरकारी अधिकारियों की क्रिमिनल गैंग के साथ साझेदारी की वजह से विपक्षी पार्टियों के नेताओं-अधिकारियों पर हमले बढ़े हैं। MDP ने राष्ट्रपति मुइज्जू के प्रशासन पर यह भी आरोप लगाया कि वो संवैधानिक कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने वाले अधिकारियों को सुरक्षा देने में विफल रहा। MDP ने कहा- पिछली सरकार में ऐसे मामले कम हो गए थे। जब से मुइज्जु ने राष्ट्रपति पद संभाला है ये मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। मुइज्जु को चीन समर्थक कहा जाता है। वो जनवरी 2024 में चीन के दौरे पर भी गए थे। राष्ट्रपति जिनपिंग से उनकी मुलाकात भी हुई थी। MDP राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग ला रही है। रिपोर्ट के मुताबिक मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (MDP) के पास संसद में बहुमत है। उसने महाभियोग के लिए जरूरी सांसदों का समर्थन लिखित तौर पर हासिल कर लिया है। इसके एक सांसद ने नाम न बताने की शर्त पर कहा- हम कुछ और सांसदों से बातचीत के बाद महाभियोग लाने की तारीख पर फैसला करेंगे। अब तक MDP और डेमोक्रेटिक पार्टी के कुल 34 सांसद हमारे साथ हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विपक्ष की नाराजगी मुइज्जु के तानाशाही रवैये को लेकर बढ़ गई है। दरअसल, प्रेसिडेंट ने अली हुसैन को गृह मंत्री नॉमिनेट किया है। विपक्ष इसके सख्त खिलाफ है। इसके अलावा घसाम मामून को रक्षा मंत्री चुना गया है। इन दोनों ही नामों को लेकर विपक्ष और यहां तक कि सत्ता पक्ष के कई सांसद नाराज हैं। इसी वजह से रविवार को संसद में जबरदस्त हंगामा और मारपीट हुई। दो दिन से संसद के बाहर पुलिस तैनात है। मुइज्जु की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (PNC) सत्ता में है। हालांकि, उसके पास बहुमत नहीं है। 28 जनवरी को स्पीकर मोहम्मद असलम ने कहा था- मुझे चुनाव आयोग ने बताया है कि मुख्य विपक्षी दल MDP के 13 सांसद 28 दिसंबर 2023 को PNC जॉइन कर चुके हैं। अब उसके 14 सांसद हो गए हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव्स (PPM) के 2 सांसद भी शामिल हैं। इसके बाद मुइज्जु के समर्थक और विरोधी सांसदों में हाथापाई हुई थी। मुइज्जु के गठबंधन में PNC और PPP हैं। इनका आरोप है कि विपक्ष देश में सभी काम रोकने की साजिश रच रहा है। राष्ट्रपति के एडवाइजर अब्दुल रहमान ने कहा- अगर विपक्ष ने मंत्रियों के अपॉइंटमेंट को अप्रूवल नहीं दिया तो हम उन्हें री-अपॉइंट कर सकते हैं। इसमें पिछले साल बदलाव किया गया था। रूल्स के मुताबिक प्रेसिडेंट या वाइस प्रेसिडेंट के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव स्पीकर के सामने पेश किया जाता है। इसके लिए दो दिन पहले नोटिस दिया जाएगा। इसके अगले दो दिन में प्रस्ताव पेश किया जाता है।



# गाजा में 27 हजार मौतेंःइसमें 10 हजार बच्चे; इजराइल 35 बंधकों के बदले 35 दिन के सीजफायर पर विचार कर रहा

तेल अवीव



चैनल 12 न्यूज के मुताबिक इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के चीफ डेविड बार्निया ने वॉर कैबिनेट के मंत्रियों को होस्टेज डील के बारे में जानकारी दी है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक उन्होंने कहा- होस्टेज डील के पहले चरण में 35 महिलाओं, बीमार, घायल और बुजुर्ग बंधकों की रिहाई शामिल होगी। इसके बदले 35 दिनों के लिए जंग रोकी जाएगी। दूसरे फेज में आदमियों और हमास जिन लोगों को सैनिक कह रहा है उनकी रिहाई होगी। इसके लिए अन्य 7 दिनों के लिए जंग रोकने की योजना है। इधर, करीब 4 महीने से जारी जंग में गाजा के 27 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 10 हजार से ज्यादा बच्चे हैं। इजराइल के 1200 लोग मारे गए थे। गाजा में लोगों के पास जरूरत का सामान नहीं है। दूसरे देशों से भेजे जा रही राहत सामग्री से फिलिस्तीनी आपना पेट भर रहे हैं। राफा बॉर्डर पर लोग आटे की बोरियां ले जाते फिलिस्तीनी। गाजा में लोगों के पास जरूरत का सामान नहीं है। दूसरे देशों से भेजे जा रही राहत सामग्री से फिलिस्तीनी आपना पेट भर रहे हैं। राफा बॉर्डर पर लोग आटे की बोरियां ले जाते फिलिस्तीनी। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बंधकों के परिजनों से कहा है कि उन्हें देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कोई सौदा मंजूर नहीं है। दरअसल, 7 अक्टूबर को हुए हमले में हमास के आतंकी कई लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। इन्हें आजाद करने के लिए इजराइल और हमास के बीच बातचीत का दावा किया जा रहा है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा बंधकों के परिजनों से कहा- अगर बंधकों की रिहाई को लेकर होने वाले किसी भी समझौते से इजराइल की सुरक्षा को खतरा होगा तो मैं उस समझौते के लिए सहमति नहीं दूंगा। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि बंधकों को वापस लाया जाए। तेल अवीव में बंधकों की आजादी को लेकर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। तेल अवीव में बंधकों की आजादी को लेकर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि इजराइल और हमास के बीच सीजफायर और होस्टेज डील का ऐलान जल्द ही किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक- डील पर यह बातचीत पेरिस में पिछले दिनों हुई। इसमें तय हुआ कि इजराइल 6 हफ्ते के लिए सीजफायर करेगा। इस दौरान गाजा में किसी तरह का मिलिट्री ऑपरेशन नहीं किया जाएगा। इजराइल और हमास दोनों ही सिविलियन्स को रिहा करेंगे। इजराइल के एक सीनियर अफसर ने अमेरिकी न्यूज चैनल NBC से कहा- यह सही है कि हम डील के काफी करीब हैं, लेकिन बातचीत अब भी चल रही है। इजराइल भी चाहता है कि बेकसूर नागरिक इस जंग का शिकार न बनें।

# भारत-अमेरिका के बीच MQ-9 ड्रोन्स डीलःबाइडेन ने अमेरिकी संसद में अभी तक नहीं दी जानकारी, दावा- पन्नू मामले के चलते प्रोसेस धीमा हुआ

एजेंसी

अमेरिका ने भारत को दिए जाने वाले 31 MQ-9 रीपर ड्रोन की खरीद की जानकारी अमेरिकी संसद (कांग्रेस) को नहीं दी है। हालांकि अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता क्रिस एल्म्स ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया, बाइडेन सरकार अमेरिकी कांग्रेस के साथ इस तरह के हथियार बिक्री से जुड़े नियमों और SOP से संबंधित चर्चा करना जारी रखेगी। जहां तक संसद में जानकारी देने की बात है, इस पर एल्म्स ने कहा- फॉरेन मिनिस्ट्री किसी भी तरह के ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी करने से पहले कांग्रेस की विदेशी मामलों की समितियों को शामिल करता है। मीडिया हाउस द वायर का दावा है कि, पन्नू केस के चलते इस डील के प्रोसेस में रुकावट आई है। द वायर के मुताबिक जब तक गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामले में भारत कोई सार्थक जांच नहीं करता तब तक अमेरिका ड्रोन्स की डिलीवरी नहीं करेगा। दरअसल, पिछले साल नवंबर में अमेरिका ने आरोप लगाए थे कि भारत ने उनके नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया था और मामले की जांच करने की बात कही थी। द वायर ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि पन्नू मामले की वजह से न सिर्फ ड्रोन बल्कि 6 बोइंग मैरीटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट्स का प्रोपोजल भी होल्ड कर दिया गया है। इसके तहत भारतीय नौसेना को 6 सर्विलांस एयरक्राफ्ट मिलते। द वायर ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा है- पन्नू की हत्या की साजिश रचने पर नाराजगी की वजह से खरीदारी अमेरिकी कांग्रेस में अटकी है। अमेरिकी सासंदों ने उस प्रस्ताव को रोका हुआ है जिससे बिक्री की प्रोसेस पूरी होती है। वायर के मुताबिक MQ-9 रीपर ड्रोन की डील की जानकारी रक्षा मंत्रालय ने पीएम मोदी के जून 2023 में हुए अमेरिका दौरे से एक हफ्ते पहले दी थी। इसी वक्त भारत के सिक्योरिटी ऑफिशियल कोड नेम CC1 ने पन्नू की हत्या की साजिश पर काम शुरू किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में दिसंबर में बयान दिया था। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में PM मोदी ने कहा था- कुछ घटनाएं अमेरिका-भारत रिश्तों को बेपटरी नहीं कर सकती हैं।



# भारतीय पुजारियों को वीजा नहीं ब्रिटेन के 50 मंदिर बंद भारतीय मूल के पीएम ऋषि सुनक से भारतवंशी नाराज

लंदन

ब्रिटेन में रहने वाले हिंदुओं में भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। सुनक सरकार भारतीय पुजारियों को वीजा जारी नहीं कर रही। इससे ब्रिटेन के लगभग 500 में से 50 मंदिर बंद हो चुके हैं। तमाम मंदिरों में कई सारे काम बंद कर दिए गए हैं। दरअसल ब्रिटेन में करीब 20 लाख भारतीय हिंदू रहते हैं, जिनके लिए पुजारी महत्वपूर्ण होते हैं। पुजारी मंदिरों में सेवा कार्य के साथ-साथ भारतीयों के गृह प्रवेश और विवाह समारोह भी संपन्न कराते हैं। बर्मिंघम में लक्ष्मीनारायण मंदिर के सहायक पुजारी सुनील शर्मा का कहना है कि सुनक सरकार से उम्मीद थी कि वीजा जारी करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। हिंदू होने के नाते ऋषि सुनक हमारी समस्याओं को समझेंगे, लेकिन सरकार ऐसा करने में अब तक विफल ही रही है। संयुक्त मंदिर समूह ने भास्कर को बताया कि विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के समक्ष इस मुद्दे को उठाया गया है। लेबर पार्टी के वरिष्ठ सांसद गैरेथ थॉमस ने भी गृहमंत्री को पत्र लिखकर टियर 5 धार्मिक कार्यकर्ता वीजा की प्रक्रिया को तेज करने की मांग की है। राम मंदिर, बर्मिंघमः पुजारी का बायोमेट्रिक रेजिडेंस परमिट (बीआरपी) में वीजा एक्सपायरी की गलत तारीख अंकित थी। 6 लाख फीस भी चुकाई, लेकिन इसे ठीक नहीं किया गया। नतीजन पुजारी को समयपूर्व ब्रिटेन से जाना पड़ा।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर, बर्मिंघमः** पुजारी का वीजा जारी नहीं हुआ तो मंदिर को बंद करना पड़ा। शिकायत करने के बाद पुजारी का वीजा जारी हुआ, लेकिन उनकी पत्नी को बिना कारण बताए वीजा जारी नहीं किया।

**श्रीजीधाम हवेली, लेस्टरः** सिंतबर 2023 में पुजारी का गुजराती में इंटरव्यू हुआ लेकिन वीजा दफ्तर को गलत अनुवाद भेजा गया, जिसके कारण वीजा जारी नहीं किया गया। विदेश विभाग ने मूल गुजराती में कॉपी मंगवाई है।

**2 साल का होता है टियर-5 धार्मिक वीजा**

ब्रिटेन में पुजारी के लिए टियर-5 धार्मिक वीजा जारी होता है। यह अस्थायी वीजा होता है। वीजा अवधि खत्म होने से 6 महीने पहले ही मंदिर समिति नए पुजारी के लिए वीजा ऐप्लिकेशन शुरू कर देती है, लेकिन ज्यादातर मामलों में क्लियरेंस नहीं मिलता। भारतीयों की मांग है कि टियर-5 धार्मिक वीजा को दो से बढ़ाकर 3 साल का किया जाए।



# अमेरिकी सांसद बोले- जुकरबर्ग आपके हाथ खून से रंगे हैं :कहा- आपने ऐसी चीजें बनाई जिनसे लोग मर रहे, मेटा के CEO ने माफी मांगी

एजेसी

मिस्टर जुकरबर्ग, आप और हमारे सामने खड़ी बाकी टेक कंपनियों के हाथ खून से रंगे हैं। मैं जानता हूं आप ऐसा नहीं चाहते थे, लेकिन आपने ऐसी चीजें बना दीं, जिनसे लोग मर रहे हैं। अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद) में सीनेट (अपर हाउस) की जूडिशरी कमेटी के सामने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार देर रात को पेश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कंपनी के मालिकों से कही। सीनेट में फेसबुक-इंस्टाग्राम की मालिकाना कंपनी मेटा, टिक-टॉक, एक्स, डिस्कॉर्ड और स्नैप के मालिक-अधिकारी पेश हुए। बच्चों के साथ ऑनलाइन हो रहे शोषण और यौन अपराधों के मामलों में जूडिशरी कमेटी इन अधिकारियों से पूछताछ कर रही है। इसके बाद जुकरबर्ग समेत बाकी टेक कंपनियों के मालिकों ने माफी मांगी। अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने सोशल मीडिया पर बच्चों के साथ हो रहे अपराधों के लिए जुकरबर्ग समेत बाकी टेक कंपनियों के मालिकों को जिम्मेदार ठहराया। अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने सोशल मीडिया पर बच्चों के साथ हो रहे अपराधों के लिए जुकरबर्ग समेत बाकी टेक कंपनियों के मालिकों को जिम्मेदार ठहराया। रॉयटर्स के मुताबिक अमेरिकी की कई स्टेट्स ने मेटा समेत टेक कंपनियों के खिलाफ मामले दर्ज करवाए हैं। कंपनियों पर आरोप है, उन्होंने जानबूझकर बच्चों की सुरक्षा खतरे में डालकर सोशल मीडिया माध्यमों में बच्चों की मानसिक सेहत बिगाड़ने, आत्महत्या के लिए उकसाने और शोषण का शिकार बनाने वाले फीचर शामिल किए। सीनेट में सुनवाई के दौरान (बाएं से दाएं) डिस्कॉर्ड के CEO जेसन सिट्रोन, स्नैप के CEO इवान स्पीगल, टिकटॉक के CEO शॉ जी च्यू, X की CEO लिंडा याकारिनो और मेटा के CEO मार्क जुकरबर्ग मौजूद रहे। सीनेट में सुनवाई के दौरान (बाएं से दाएं) डिस्कॉर्ड के CEO जेसन सिट्रोन, स्नैप के CEO इवान स्पीगल, टिकटॉक के CEO शॉ जी च्यू, X की CEO लिंडा याकारिनो और मेटा के CEO मार्क जुकरबर्ग मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान सीनेट में पीड़ित बच्चों के पेरेंट्स भी मौजूद थे। जैसे ही मेटा के CEO मार्क जुकरबर्ग हॉल में आए, तो आत्महत्या कर चुके बच्चों की तस्वीरें लिए सीनेट में मौजूद कई पेरेंट्स की सिसकियां गूंज उठीं। लोगों ने गुस्सा जताया। सोशल मीडिया की वजह से जान गंवाने वाले बच्चों के पेरेंट्स उनकी फोटो लेकर सीनेट पहुंचे। CNN के मुताबिक पेरेंट्स को रोता देख मार्क जुकरबर्ग उनकी तरफ पलटे। उन्होंने इंस्टाग्राम-फेसबुक के गलत जुकरबर्ग ने सीनेट में मौजूद पेरेंट्स से खड़े होकर माफी मांगी। सीनेट में मौजूद जूडिशरी कमेटी को न देखते हुए जुकरबर्ग पेरेंट्स से बात करने लगे। उन्होंने कहा- आप सभी जिन चीजों से गुजरे हैं, उसके लिए मुझे दुख है। मुझे माफ कर दें। मैं कभी नहीं चाहूंगा कि जिन चीजों से आप गुजरे हैं उनसे कभी भी कोई और गुजरे। आपने जो झेला है वो कोई भी परिवार न झेले। स्नैपचैट के CEO इवान स्पीगल ने भी माफी मांगी। उन्होंने कहा- जो कुछ भी हुआ उसे हम रोक नहीं पाए।



# मलेशिया के नए राजा बने इब्राहिम इस्कंदर इनके पास 47 लाख करोड़ की संपत्ति, 300 लग्जरी कारें बेटा भारतीय सेना में कैप्टन रह चुका



मलेशिया में जोहोर राज्य के सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर देश के नए राजा बन गए हैं। बुधवार को सुल्तान इस्कंदर का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। उन्हें अगले 5 साल के लिए राजा चुना गया है। 1957 में ब्रिटेन से आजादी के बाद से मलेशिया में मलय राज्य के शासक बारी-बारी से 5 साल के कार्यकाल के लिए राजगद्दी संभालते आए हैं। शपथ से पहले सुल्तान इस्कंदर ने प्राइवेट जेट से कुआलालंपुर के लिए उड़ान भरी थी, जबकि आमतौर पर वह लोगों से मिलने के लिए हर साल मोटरसाइकिल पर यात्राएं निकालते हैं। 65 साल के इस्कंदर जोहोर के शाही परिवार से आते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनके पास 47.33 लाख करोड़ की संपत्ति है। सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर के सबसे बड़े बेटे और मलेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन भी रह चुके हैं। इसके अलावा सुल्तान के पास 300 लग्जरी कारें हैं, जिनमें से एक उन्हें एडॉल्फ हिटलर ने तोहफे में दी थी। सुल्तान के पास गोल्ड-ब्लू रंग के बोइंग 737 समेत कई प्राइवेट जेट भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुल्तान इस्कंदर के परिवार के पास एक प्राइवेट आर्मी भी है। मलेशिया के अलावा सिंगापुर में भी सुल्तान की 4 अरब डॉलर की एक जमीन, एक टायसॉल पार्क और बोटैनिकल गार्डन के पास भी जमीन है। सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट और खनन से लेकर टेलिकम्युनिकेशन और पाम तेल तक कई बिजनेस में हिस्सेदारी है। उनका आधिकारिक निवास इस्ताना बुकिट सिरीन है, जो उनकी बेशुमार दौलत का सबूत है। सुल्तान इस्कंदर के पास बाइक्स का भी एक बड़ा कलेक्शन है। सुल्तान इब्राहिम की पत्नी का नाम जरीथ सोफिया है। वह शाही परिवार से आती हैं। ऑक्सफोर्ड से पढ़ीं सोफिया पेशे से लेखिका हैं और बच्चों के लिए कई किताबें भी लिख चुकी हैं। सुल्तान और सोफिया के पांच बेटे और एक बेटी हैं। सुल्तान के सबसे बड़े बेटे और मलेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन रह चुके हैं। सिंगापुर की न्यूज एजेंसी द स्ट्रेट टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 2007 में टुंकू इस्माइल भारतीय सेना की एक यूनिट का नेतृत्व करने वाले पहले विदेशी बने थे। ताजपोशी समारोह के लिए सुल्तान इस्कंदर ने खास डाइट का भी पालन किया था। न्यू स्ट्रेट टाइम्स के मुताबिक, सुल्तान ताजपोशी के वक्त ज्यादा फिट दिखना चाहते थे, इसलिए उन्होंने डाइटिंग की थी।

# खुद पेरेंट्स से बिछड़ी तो समझा बेसहारा बच्चों का दर्द, बेटे को खोने के बाद संवारी मासूमों की जिंदगी

**नई दिल्ली**

एक बच्चे का मां-बाप से बिछड़ने का दर्द, वही शख्स समझ सकता है जिसने इस खौफनाक घटना को झेला हो। गुरुग्राम की रहने वालीं डॉ. किरण मोदी के अतीत में भी कुछ ऐसा हादसा हुआ था जिसमें कुछ घंटों के लिए वह अपने मां-बाबूजी से बिछड़ गई हैं और उस अनुभव को वो आज तक नहीं भूल पाईं। बचपन की उस घटना ने उन्हें इतना डरा दिया कि उनकी रातों की नींद तक उड़ गई। जब किरण बड़ी हुईं, तब उन्होंने ऐसे ही माता-पिता से बिछड़े बच्चों के लिए 'उदयन केयर' ट्रस्ट बनाई जिसके तहत 14 उदयन होम, 4 राज्यों में 4 आफ्टर होम और 13 राज्यों के 34 शहरों में उदयन शालिनी प्रोग्राम चल रहा है। बच्चे उन्हें प्यार से 'बुआ' पुकारते हैं। ' मेरा बचपन कोलकाता में बीता। हम अक्सर शाम को हुगली में गंगा किनारे घूमने निकल जाते। वहां भीड़ भी बहुत होती। जब मैं 8 साल की थी, तब एक बार उसी जगह भीड़ के कारण मेरा हाथ मां-बाबूजी से छूट गया और मैं उनसे बिछड़ गई। मैं खूब रो रही थी, लोगों से डर रही थी। मां-बाबूजी पुकार रही थी लेकिन मेरी आवाज उन तक नहीं पहुंच रही थी। आखिरकार पुलिस ने मुझे अकेला देखा और अपने साथ पुलिस स्टेशन ले गई ताकि अगर पेरेंट्स ढूंढने आएंगे तो वो मुझे उन्हें सौंप देंगे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मेरे पेरेंट्स 1 घंटे के बाद मुझे ढूंढते हुए पुलिस स्टेशन पहुंचे। मैं उनके गले ऐसे लगी जैसे मुझे मेरे भगवान मिल गए हों लेकिन जिंदगी का वो 1 घंटा मेरे लिए किसी भयानक सपने से कम नहीं था। उस घटना ने मेरे दिलों-दिमाग पर ऐसा असर डाला था कि मैं रात को सोते हुए अचानक जग जाती। मुझे घबराहट होती कि कहीं पेरेंट्स मुझसे कहीं दोबारा न बिछड़ जाएं।



मैंने 8 से 15 साल की उम्र ऐसे कई काम किए जिससे दूसरों का भला कर सकूं। मुझे सोशल वर्क के बारे में उस समय कुछ पता नहीं था लेकिन देश के लिए बहुत कुछ करना चाहती थी। जब भारत का पाकिस्तान और चीन के साथ युद्ध हुआ तो उस समय बाकी देशवासियों की तरह मैं भी वहां की पल-पल की जानकारी रखती थी। मेरे मन में आया कि मैं युद्ध से प्रभावित हुए इलाकों में रहने वाले लोगों की मदद करूं। तो मैंने लॉटरी सिस्टम से फंड जुटाया और उन पैसों को पं.बंगाल के मुख्यमंत्री तक पहुंचाया। बच्चों के लिए खोली लाइब्रेरी हमारे घर पर एक होम हेल्प थी जिसकी बेटियां थीं। मैं तब सिर्फ 9 साल की थी और उस उम्र में भी मुझे ये बुरा लगता कि मैं पढ़ती हूं और वो बच्चियां नहीं पढ़ सकती हैं। ये देखकर मैंने पेरेंट्स से कहा कि मैं चाहती हूं कि ये बच्चियां भी मेरी तरह पढ़ें। वहीं जब मैं छोटी थी तो ना टीवी था और ना पेरेंट्स बच्चों को खिलौने दिलाते थे। उस जमाने में एंटरटेनमेंट का कोई साधन नहीं होता था तो मैंने सोचा कि क्यों ना मैं अपनी ही बिल्डिंग में एक लाइब्रेरी बनाऊं। मैंने पापा से एक रूम मांगा, जहां मैं किताबें रखूं और जो बच्चे किताबें नहीं खरीद सकते, वो वहां आकर किताबें पढ़ें। पापा ने रूम दिया तो मैंने लाइब्रेरी बना ली जिसे रोज शाम 2 घंटे तक खोलती थी। मुझे यह देख बहुत खुशी मिलती थी कि मेरी मेहनत रंग लाई और पूरी बिल्डिंग के बच्चों को एक लाइब्रेरी मिली जहां उन्हें किताबें पढ़ने का मौका मिला।

# PF अकाउंट से पैसा निकालने में न करें जल्दबाजीः10 हजार निकालने पर रिटायरमेंट फंड को होगा 1 लाख से ज्यादा का नुकसान

## आप PF अकाउंट से 10 हजार रुपए निकालते हैं तो इससे आपके रिटायरमेंट फंड पर 1 लाख 14 हजार रुपए का असर पड़ेगा

**नई दिल्ली**

सरकार ने एम्प्लॉई प्रॉविडेंट फंड (EPF या PF) से पैसा निकालने के लिए ऑनलाइन सुविधा दी है। इससे PF से पैसा निकालना आसान हो गया है। इस कारण देखा जाता है कि पैसों की जरूरत पड़ने पर लोग अपने PF फंड से पैसा निकाल लेते हैं। अगर आप भी PF फंड से पैसा निकालने का प्लान बना रहे हैं तो इसके लिए आपका यह जानना बहुत जरूरी है कि यहां से पैसा निकलने पर आपके रिटायरमेंट फंड को कितना नुकसान होगा।



### आप के फंड पर कितना असर पड़ेगा

अनुमानित कैलकुलेशन के मुताबिक, अगर आपके रिटायरमेंट में 30 साल का समय बाकी है और अभी आप PF अकाउंट से 10 हजार रुपए निकालते हैं तो इससे आपके रिटायरमेंट फंड पर 1 लाख 14 हजार रुपए का असर पड़ेगा। यानी आपको रिटायरमेंट के समय इतने रुपए कम मिलेंगे। यहां जानें कितना पैसा निकालने पर आपने रिटायरमेंट फंड पर कितना असर पड़ेगा।

### जब तक बहुत जरूरी न हो PF फंड से न निकालें पैसा

मनी मैनेजमेंट एक्सपर्ट का मानना है कि जब तक बहुत जरूरी न होने पर PF से पैसे निकालने से बचना चाहिए। इस पर 8.15% की दर से ब्याज मिल रहा है। जितनी बड़ी रकम PF से निकाली जाएगी, रिटायरमेंट फंड पर उतना ही बड़ा असर पड़ेगा।

### नौकरी जाने पर एक माह के बाद निकाल सकेंगे PF का 75% पैसा

PF विड्रॉल के नियम के तहत अगर किसी मेंबर की नौकरी चली जाती है तो वह 1 माह के बाद PF अकाउंट से 75% पैसा निकाल सकता है। इससे वह बेरोजगारी के दौरान अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है। PF में जमा बाकी 25% हिस्से को जॉब छूटने के दो महीने बाद निकाला जा सकता है।

### PF निकासी इनकम टैक्स के नियम

कर्मचारी को यदि किसी कंपनी में सेवाएं देते 5 साल पूरे हो जाते हैं और वो PF निकालता है तो उस पर इनकम टैक्स की कोई लायबिलिटी नहीं होती। 5 साल की अवधि एक या इससे ज्यादा कंपनियों को मिलाकर भी हो सकती है। एक ही कंपनी में 5 साल पूरे करना जरूरी नहीं। कुल अवधि कम से कम 5 साल होना जरूरी होता है।

अगर कर्मचारी नौकरी में 5 साल पूरे होने से पहले PF खाते से 50 हजार रुपए से ज्यादा राशि निकालता है तो उसे 10% TDS चुकाना होगा। वहीं अगर आपके पास पैन कार्ड नहीं है तो आपको 30% TDS देना होगा। हालांकि, अगर कर्मचारी फॉर्म 15G/15H सबमिट कराता है तो कोई TDS नहीं काटा जाता है।

फॉर्म 15G या फॉर्म 15H : फॉर्म 15G या फॉर्म 15H खुद से की गई घोषणा वाला फॉर्म हैं। इसमें आप यह बताते हैं कि आपकी आय टैक्स की सीमा से बाहर है। जो इस फॉर्म को भरता है उसे टैक्स की सीमा से बाहर रखा जाएगा। इसे नहीं भरने पर मान लिया जाता है कि आप टैक्स के दायरे में हैं और फिर ब्याज से होने वाली आय पर जरूरी TDS काट लिया जाएगा। फॉर्म 15G या फॉर्म 15H एक साल के लिए होता है। हालांकि फॉर्म नहीं भरने पर जो TDS काटा जाएगा उसे वापस भी पाया जा सकता है।

### होम लोन चुकाने के लिए पैसा कैसे निकाले?

EPFO ई-सेवा पोर्टल में लॉगिन करें। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर और पासवर्ड डालें। ऑनलाइन सर्विसेज पर क्लिक करें। फॉर्म 31 के जरिए क्लेम करें। अपनी बैंक डिटेल सत्यापित करें। पैसे निकलने का कारण सिलेक्ट करें। मांगी गई जानकारियां भरकर संबंधित दस्तावेज अपलोड करें। इसके बाद आपको क्लेम प्रोसेस में डाल दिया जाएगा।

### कितना कटता है PF?

नियमों के मुताबिक, सैलरी पाने वाले लोगों को अपने वेतन और महंगाई भत्ते की 12% रकम PF खाते में योगदान करना अनिवार्य होता है। वहीं कंपनी की ओर से जमा की जाने वाली राशि में से 3.67% EPF में जमा होता है। बाकी 8.33% हिस्सा कर्मचारी पेंशन योजना (EPS) में जमा हो जाता है।

# फटी एड़ियों की परेशानीःनंगे पैर चलने लंबे समय खड़े रहने, मोटापे से फटती एड़ियां

**नई दिल्ली**

पैरों की एड़ियां फटने की परेशानी आम है। सर्दियों में यह ज्यादा बढ़ जाती है। कई बार फटी एड़ियों में दर्द के साथ जलन और खून भी निकलने लगता है। खास तौर पर यह परेशानी गंदगी और पैरों की ठीक तरह से देखभाल ना करने की वजह से होती है। लेकिन, कुछ लोगों की स्किन बहुत ज्यादा ड्राई होती है, जिसकी वजह से एड़ियां फटने लगती हैं। फटी एड़ियां ना सिर्फ देखने में खराब लगती हैं, बल्कि इसमें काफी दर्द और तकलीफ का भी होती है। फटी एड़ियों की परेशानी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह की क्रीम्स लगाते हैं और पैरों में जूते पहनते हैं। लेकिन, ये सब करने के बाद भी इस परेशानी से छुटकारा नहीं मिलता है।



### नंगे पैर चलने के कारण फटती एड़ियां

नंगे पांव चलने से पैर के तलवे और जमीन के बीच घर्षण होता है। यह घर्षण पैरों के तलवों पर कॉलस और दरारें पैदा कर सकता है। लंबे समय खड़े रहने की वजह से लंबे समय तक खड़े रहना, खासकर अगर फर्श सख्त हो तो भी पैरों में दबाव पड़ता है। लंबे समय तक खड़े रहने से लगातार रगड़ भी हो सकता है, जिससे दरारें और खुले घाव हो सकते हैं।

### मोटापे भी हो सकता है कारण

वजन बहुत ज्यादा है तो इससे भी पैर फटने की परेशानी हो सकती है। एड़ी के नीचे फैट पैड पर दबाव बढ़ सकता है। इससे क्षेत्र बगल में फैल सकता है जिससे एड़ी की त्वचा फटती है। इसलिए सलाह दी जाती है कि वजन कंट्रोल करें। इससे न सिर्फ एड़ियों में दरार कम होगी बल्कि शुगर जैसी बिमारी को भी कम करता है।

पैरों से डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए पैरों को साफ करें। खासतौर पर सर्दियों के दौरान पैरों को मॉइश्चराइज रखें। गलत सैंडल, फ्लिप-फ्लॉप, पीछे से खुली सैंडल्स और हाई हील्स के कारण। किसी तरह की मेडिकल कंडीशन जैसे- डायबिटीज, आर्थराइटिस, सोरायसिस या फंगल इंफेक्शन के कारण। रूखे पैरों के कारण पानी, डिटर्जेंट या साबुन के ज्यादा कॉन्टैक्ट में आने के कारण आयरन, कैल्शियम, विटामिन-ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड और जिंक के कारण।

### इन घरेलू नुस्खों को भी अपना सकते हैं

फटी एड़ियों की समस्या से छुटकारा पाने के लिए घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। घी में फैटी एसिड होते हैं, जो स्किन में नमी को सील करते हैं। इससे त्वचा का रूखापन दूर होता है और त्वचा हाइड्रेटेड रहती है। एड़ियों में घी लगाने से त्वचा को हील होने में मदद मिलती है और पैर सुंदर-मुलायम बनते हैं।

### देसी घी, नीम का तेल हल्दी पाउडर

फटी एड़ियों से छुटकारा पाने के लिए आप घी में हल्दी पाउडर और नीम का तेल मिलाकर पैरों पर लगा सकते हैं। घी में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जिससे त्वचा के घाव भरने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद फैटी एसिड त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करते हैं। वहीं, नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं, जिससे त्वचा की समस्याएं दूर होती हैं। हल्दी में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण दर्द और जलन को कम करते हैं। इसमें एक चम्मच नीम का तेल और आधा हल्दी पाउडर मिला लें। इस पेस्ट को पैरों में लगाकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह उठकर पैरों को पानी से धो लें। रोजना इस्तेमाल करने से एड़ियों का फटना कम होगा सर्दियों के मौसम में फटी एड़ियों का ध्यान रखना जरूरी, नहीं तो बढ़ सकता है इंफेक्शन। सर्दियों के मौसम में फटी एड़ियों का ध्यान रखना जरूरी, नहीं तो बढ़ सकता है इंफेक्शन।

# प्याज का रस आईब्रो को बनाए घनाःबढ़ती उम्र में आईब्रो होती पतली

**नई दिल्ली**

काली और घनी आईब्रो चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगा देती हैं लेकिन अक्सर महिलाएं अपनी हल्की पड़ती आईब्रो से परेशान रहती हैं। आईब्रो की शेप हर किसी की अलग होती है लेकिन महिलाओं को सबसे ज्यादा टेंशन आईब्रो के बाल झड़ने, उम्र के साथ उसके बाल सफेद होने या आईब्रो के पतले होने पर होती है।

हल्की और पतली आईब्रो कहीं ना कहीं डगमगाती सेहत की तरफ भी इशारा करती हैं। वहीं कई बार खूबसूरत दिखने के लिए इस्तेमाल किए गए मेकअप प्रोडक्ट भी आईब्रोज को नुकसान पहुंचाते हैं।



बाल के उगने की 3 स्टेज होती हैं- ग्रोइंग स्टेज (जो उगते हैं), रेस्ट मोड (बाल शरीर के अंदर होते हैं), शेडिंग स्टेज (जब बाल झड़ते हैं)। बॉडी पर अधिकतर बाल रेस्ट मोड पर होते हैं। उम्र बढ़ने के साथ हॉर्मोन्स की वजह बाल रेस्ट मोड पर ही रहते हैं। ग्रोइंग बालों के भी 2 भाग होते हैंः शाफ्ट और बल्प। शाफ्ट शरीर के बाहर और बल्प हेयर फॉलिकल (बालों की जड़) का बेस होता है। अगर आईब्रो के हेयर फॉलिकल ही खराब हो जाएं तो बाल कभी नहीं उगते और वहां पर स्किन खाली दिखने लगती है। जिस तरह सिर के बाल झड़ते हैं, ठीक उसी तरह आईब्रो के बाल भी झड़ते हैं जिससे वह पतली होने लगती हैं। इसके पीछे कई वजह हो सकती हैं। लेकिन कई बार शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी इन्हें पतला कर देती हैं। अगर शरीर में जिंक या विटामिन ए की कमी होती है तो इससे बालों की ग्रोथ हल्की होती है। इनकी कमी बालों को मॉइश्चारज करने वाले त्वचा से निकलने वाले नेचुरल ऑयल सिबम को बनने से रोकती है। इस वजह से भौहें झड़ने लगती हैं।इवहीं, विटामिन बी-7, सी, ई, बी-12, डी, आयरन और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स की कमी की वजह से भी ऐसा होता है।इएग्जिमा, सिरोयसिस, कॉल्टेक्ट डर्माटाइटिस, सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस और रिंग वॉर्म जैसी स्किन प्रॉब्लम होने के कारण भी आईब्रो के बाल झड़ने लगते हैं। एग्जिमा और सिरोयसिस में जहां स्किन पर खुजली, लाल चकत्ते पड़ते हैं, वहीं त्वचा पपड़ी की तरह झड़ने लगती है। स्किन पर बने यह पैच हेयर फॉलिकल्स को ब्लॉक कर देते हैं जिससे भौंहों के बाल नहीं उगते। सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस फंगल इंफेक्शन है जिससे त्वचा पर ज्यादा ऑयल बनने लगता है। इस वजह आईब्रो पर डैंड्रफ हो जाती है।

# निश्चित रिटर्न के साथ FD कराने के हैं कई फायदेःइस पर कम ब्याज पर मिलता है लोन

## क्रेडिट कार्ड लेने की भी मिलती है सुविधा

**नई दिल्ली**

लोग सुरक्षित निवेश के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) में निवेश करते हैं। FD की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें आपका पैसा तो सुरक्षित रहता ही है साथ में एक निश्चित रिटर्न भी मिलता है, लेकिन FD में निवेश करने के कई और फायदे भी हैं। जिनके बारे में ज्यादातर लोगों को पता नहीं रहता है। आज हम आपको FD के ऐसे 6 फायदों के बारे में बता रहे हैं जिन्हें आपका जानना जरूरी है।




1. FD पर पर आसानी से और कम ब्याज पर मिलता है लोन

अगर आपको पैसों की जरूरत पड़ती है तो आप FD पर लोन ले सकते हैं। सहूलियत के अनुसार आप इसका भुगतान कर सकते हैं। SIB की वेब साइट पर दी जानकारी के अनुसार आप FD की वैल्यू का 95% तक लोन ले सकते हैं। मान लीजिए आपकी FD की कीमत 1.5 लाख रुपए है तो आपको 1 लाख 35 हजार रुपए लोन मिल सकता है। अगर आप FD पर लोन लेते हैं तो आपको FD पर मिलने वाले ब्याज से 1% ज्यादा ब्याज देना होगा। जैसे मान लीजिए कि आपकी FD पर 7% ब्याज मिल रहा है तो आपको 8% ब्याज दर पर लोन मिल सकता है। ज्यादातर बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर क्रेडिट कार्ड देते हैं। बैंक बाजार के अनुसार बैंक में FD की रकम का 75-85% तक क्रेडिट लिमिट वाला क्रेडिट कार्ड मिल सकता है। ऐसा ऑफर उन लोगों के लिए अच्छा है, जिनका कोई क्रेडिट स्कोर नहीं है या जो लो क्रेडिट स्कोर वाले हैं। FD पर क्रेडिट कार्ड लेने से बैंक आपके डिपॉजिट को क्रेडिट कार्ड से किए गए खर्च के लिए सिक्योरिटी के तौर पर लेते हैं।


### मिलता है एक निश्चित रिटर्न

FD का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आपको निवेश की शुरुआत में ही बता दिया जाता है कि मैच्योरिटी पर आपको कितना फायदा होगा। इसमें कोई जोखिम नहीं है। किसी भी स्थिति में न तो उससे ज्यादा पैसा मिलता है और न ही कम। साल की FD का टैक्स सेविंग्स FD कहा जाता है। इसमें निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80C के तहत आप अपनी कुल आय से 1.5 लाख रुपए की कटौती का दावा कर सकते हैं। आसान भाषा में इसे ऐसे समझें, आप सेक्शन 80C के माध्यम से अपनी कुल कर योग्य आय से 1.5 लाख तक कम कर सकते हैं। FD में आपका पैसा सेफ रहेगा। यहां जमा राशि पर 5 लाख रुपए तक की बीमा सुविधा मिलती है। इसका मतलब यह हुआ है कि अगर किसी कंडीशन में बैंक डिफाल्ट कर जाए तो आपके 5 लाख रुपए पर सरकार की गारंटी होगी। यानी डिफॉल्ट केस में भी 5 लाख रुपए आपको मिल जाएंगे। पूंजी की सुरक्षा और ब्याज की निश्चित दर के अलावा FD के साथ लिक्विडिटी भी रहती है। आवश्यकता के समय इन्हें कभी भी तुड़वाया जा सकता है। आप चाहें तो FD को मैच्योरिटी तक जारी रख सकते हैं। मैच्योरिटी की अवधि से पहले भी इसे भुनाया जा सकता है।

# सीएसआईआर यूजीसी नेट एग्जाम 26 दिसंबर से, पूछे जाएंगे एमसीक्यू क्वेश्चन, सॉल्व करने के लिए 3 घंटे मिलेंगे

**नई दिल्ली**

सीएसआईआर यूजीसी नेट दिसंबर परीक्षा 2023 का आयोजन 26, 27 और 28 दिसंबर 2023 को होगा। हालांकि सब्जेक्ट वाइस एग्जाम डेट्स की घोषणा अब तक नहीं की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की ओर से आज सीएसआईआर नेट एग्जाम शेड्यूल जारी हो सकता है। एग्जाम शेड्यूल की जानकारी ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट csirnet.nta.ac.in पर नोटिफिकेशन के जरिये दी जाएगी।



### एग्जाम सिटी स्लिप इस सप्ताह जारी :

सीएसआईआर यूजीसी नेट एग्जाम शेड्यूल जारी होने के साथ ही एग्जाम सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी होने की जानकारी भी दी जा सकती है। एग्जाम सिटी स्लिप ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर मांगी गई डिटेल दर्ज करके डाउनलोड की जा सकेगी। इसके बाद उम्मीदवारों के लिए एडमिट कार्ड रिलीज किए जाएंगे।

### ऐसे डाउनलोड करें एडमिट कार्ड :

ऑफिशियल वेबसाइट https://csirnet.nta.ac.in/ पर जाएं। होम पेज पर एडमिट कार्ड जारी होने के बाद एक्टिव लिंक पर क्लिक करें। लिंक पर क्लिक करते ही एक नए पेज पर एप्लीकेशन नंबर, डेट ऑफ बर्थ और सिक्योरिटी पिन दर्ज करके लॉग इन करें। अब एडमिट कार्ड स्क्रीन पर ओपन हो जायेगा। यहां से आप इसे डाउनलोड करें और प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

### एग्जाम पैटर्न :

सीएसआईआर नेट एग्जाम 2023 में उम्मीदवारों से एमसीक्यू टाइप क्वेश्चन पूछे जाएंगे। यह एग्जाम कंप्यूटर बेस्ड होगी। प्रश्न पत्र हल करने के लिए उम्मीदवारों को 3 घंटे यानि 180 मिनट का समय दिया जाएगा। पेपरों के बीच कोई ब्रेक नहीं होगा। पेपर हिंदी और इंग्लिश में होगा।

# आइसलैंड में हजारों भूकंप के बाद ज्वालामुखी फटा जमीन में 3.5 किमी लंबी दरार



आइसलैंड के ज्वालामुखी से 100-200 स्क्वायर मीटर प्रति सेकंड की दर से लावा बह रहा है। आइसलैंड के ग्रिंडाविक में सबसे ज्यादा आबादी वाले हिस्से में सोमवार को ज्वालामुखी फट गया। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, देश के मौसम विभाग ने बताया कि वोल्केनो फटने से पहले यहां पिछले एक महीने में हजारों भूकंप दर्ज किए गए।

ग्रिंडाविक में जमीन फटने से करीब 3.5 किलोमीटर लंबी दरार पड़ चुकी है, जो लगातार बढ़ रही है। आइसलैंड की राजधानी रेक्येविक से यह सिर्फ 40 किलोमीटर दूर है। इस दरार से लावा लगातार 100-200 स्क्वायर मीटर प्रति सेकंड की दर से बह रहा है। प्रशासन ने लोगों को इस इलाके के आसपास भी जाने से मना कर दिया है। आइसलैंड के रेकयेन्स पेनिनसुला में पिछले महीने ही सड़कें धंसना शुरू हो गई थीं। भूकंप की चेतावनियों के बीच वहां रह रहे करीब 4 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया था। देश के मौसम विभाग के मुताबिक, नवंबर में ग्रिंडाविक की जमीन के नीचे 10 किमी लंबाई में लावा बह रहा था। यह सतह से करीब 800 मीटर नीचे था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, पिछले 2 साल में इस क्षेत्र में करीब 4 ज्लावामुखी फट चुके हैं। मार्च 2021 में भी इसी इलाके में एक बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट हुआ था। तब दरार से करीब 6 महीने तक लावा बहता रहा था।

